जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 243 ● गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## मोदी सरकार का देश के किसानों को बड़ा तोहफा

### गेहूं और सरसों सहित कई फसलों की एमएसपी बढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने रबी विपणन सत्र 2025-26 के लिए 6 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की है। इस अधिसूचना के तहत किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य सुनिश्चित किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य में मुख्य रूप से गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों और केसर (सैफ्लॉवर) शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को गेहूं, चना और सरसों समेत रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी। गेहूं का एमएसपी 150 रुपये प्रति




क्विंटल बढ़ाकर 2,275 रुपये से 2,425 रुपये कर दिया गया है। सरसों का एमएसपी 300 रुपये बढ़ाकर 5,950 रुपये और चना का एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 5,650 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार जौ, मसूर और कुसुम पर एमएसपी भी बढ़ाकर क्रमशः 1,980 रुपये, 6,700 रुपये और 5,940 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी में इस बार वृद्धि की गई है।

यह वृद्धि कृषि लागत और महंगाई को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। भारत में एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) वह मूल्य होता है जो सरकार किसानों को उनकी फसलों के लिए सुनिश्चित करती है। यह कीमत सरकार द्वारा तय की जाती है ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके, चाहे बाजार में कीमतें कम ही क्यों न हो जाएं।

## वक्फ बोर्ड पर जेपीसी की लड़ाई ओम बिरला के पास आई

### लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ विधेयक को लेकर हुई जेपीसी की बैठक लगातार दूसरे दिन हंगामेदार रही। इसके बाद विपक्ष के कई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति की बैठक में ''संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन'' हुआ। यह पत्र कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी के वक्तव्य पर कई विपक्षी



सांसदों द्वारा समिति की बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद आया है। मणिप्पाडी ने वक्फ संपत्तियों के कथित गबन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के रहमान खान सहित कई विपक्षी नेताओं का नाम लिया था। इससे पहले मंगलवार को विपक्ष के सांसदों ने वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से यह कहकर वॉकआउट किया कि भाजपा के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए। संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। करीब एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। उधर, भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे।

## मणिपुर में अब न गोली चलेगी, न ही जाएगी जान

### मणिपुर हिंसा के 17 महीने बाद संगठनों का एक ही संकल्प

### कुकी-मैतेई और नगा नेताओं ने पहली बार साथ में की बैठक

**इंफाल/ नई दिल्ली (एजेंसी)।** 17 महीने से जारी हिंसा के बीच मणिपुर में शांति की पहली बड़ी कोशिश हुई। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय की निमंत्रण पर मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे। पहले इनकी बैठक गृह मंत्रालय में होनी थी, लेकिन बाद में आईबी के ऑफिस ले जाया गया। यहां आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, पूर्वोत्तर में भाजपा के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और अन्य मौजूद थे। पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बात की गई। सभी ने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के समक्ष रखीं। इसके बाद सभी को एक हॉल में एकत्रित कर संकल्प दिलाया गया कि




आज की बैठक के बाद मणिपुर में न तो एक भी गोली चलेगी और न ही किसी व्यक्ति की जान जाएगी। तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति दी। इसके बाद प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाए। सूत्रों के मुताबिक करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन. बीरेन सिंह मौजूद नहीं थे, लेकिन शाह बैठक की मिनट-टु-मिनट मॉनिटरिंग कर रहे थे। कुकी प्रतिनिधियों ने सरकार के सामने 3 मांगें रखीं, अंतिम फैसला काउंसिल पर छोड़ा सूत्रों के मुताबिक मणिपुर विधानसभा में 60 विधायक हैं। इनमें 10 नगा और 10 कुकी हैं।

## भारत से रिश्ते मजबूत करने पर अड़े सभी पश्चिमी देश

- **ट्रूडो को अपनों ने दिखा दी औकात, खूब हुई किरकिरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के साथ रिश्ते बिगाड़ चुके जस्टिन ट्रूडो के करीबी देशों ने भी अब उन्हें औकात दिखा दी है। पश्चिमी देशों के समर्थन पर खूब उछल रहे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बावजूद अमेरिका और ब्रिटेन ने मोदी सरकार के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने का इरादा जाहिर किया है। पहले ट्रूडो ने दावा किया था कि भारतीय राजनयिकों ने कनाडा में रहने वाले सिख अलगाववादियों पर निगरानी रखी और उन्हें धमकाया, ब्लैकमेल किया या मार डाला। हालांकि, ट्रूडो के इन दावों की खिल्ली उड़ गई है, भारत बार-बार इस बेतुके बयानों के बारे में सबूत मांगता रहा है मगर कनाडा सरकार इस बारे में पुख्ता जानकारी मुहैया नहीं करा पाई है। यह विवाद पिछले साल उस समय शुरू हुआ जब ट्रूडो ने भारत पर ब्रिटिश कोलंबिया में एक सिख आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। अब कनाडा ने आरोप लगाया है कि भारतीय अधिकारियों ने कनाडा की जमीन पर और भी कई अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया। सोमवार को कनाडा ने छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित कर दिया, क्योंकि भारत ने उनकी राजनयिक छूट हटाने से इनकार कर दिया।



## बाबा सिद्दीकी के हत्यारों ने यूट्यूब से सीखा गोली चलाना

### इंस्टाग्राम पर करते थे कॉलिंग

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के दिग्गज राजनेता बाबा सिद्दीकी की हत्यारों को लेकर मुंबई पुलिस ने नए खुलासे किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बाबा सिद्दीकी को मारने की प्लानिंग पुणे में तीन महीने पहले से ही शुरू हो गई थी। हत्यारों ने यूट्यूब से गोली चलाना सीखा और उनकी स्नैपटचैट और इंस्टाग्राम पर ही आपस में बातचीत होती थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सिद्दीकी मर्डर केस में चार लोगों को अरेस्ट कर चुकी है। चारों की 21 अक्टूबर तक पुलिस के पास कस्टडी है। बीते शनिवार को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को मारने आए शूटरों



गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप ने छह राउंड फायर किया था। अस्पताल ले जाते वक्त सिद्दीकी की मौत हो गई थी। फायरिंग के कुछ घंटों बाद ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। सूत्रों ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे किस स्थान पर अभ्यास करते थे, लेकिन यह पता लगा है कि वे यूट्यूब पर शूटिंग की प्रैक्टिस किया करते थे। मुंबई क्राइम ब्रांच ने अब तक इस मामले में 15 से ज़्यादा लोगों के बयान दर्ज किए हैं। मुंबई पुलिस ने एनसीपी नेता की हत्या के सिलसिले में आज एक और आरोपी हरीश कुमार निषाद को गिरफ़्तार किया। इस केस में यह चौथी गिरफ़्तारी है। पुलिस का दावा है हरीश ने आरोपियों के लिए पैसे और हथियार मुहैया कराए थे। इससे पहले पुलिस की टीम ने पुणे से साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया था। प्रवीण शुभम का भाई है, जो लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा है। पुलिस ने बताया कि प्रवीण और शुभम लोनकर ने शूटरों गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप को 2 लाख रुपये दिए थे और यह पैसा चौथे आरोपी हरीश के जरिए भेजा गया था। हत्याकांड में तीसरा संदिग्ध शूटर शिवा गौतम अभी भी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

## पीएम मोदी के बनारस में बनेगा एक अनोखा पुल

### इस पुल में रेलवे की चार लाइनें जबकि सड़क छह लेन का होगा

### यह रेल सह सड़क पुल होगा, इसकी लागत 2642 करोड़ रुपए होगी


**बनारस (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बनारस को बुधवार को एक



और तोहफा मिला। केंद्र सरकार ने वहां गंगा नदी पर एक और रेल सह सड़क पुल बनाना मंजूर कर लिया है। इस परियोजना पर करीब 2642 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2,642 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित पुल में निचले डेक पर चार रेलवे लाइन होगी जबकि ऊपरी डेक पर छह लेन का सड़क पुल होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के वाराणसी और चंदौली जिलों से होकर गुजरती है। इस समय मुगलसराय और बनारस को जोड़ने वाला रेल पुल काफी पुराना हो गया है।

## 2015 के केस में ईडी के रडार पर रेवंत रेड्डी

### एमएलसी चुनाव में हेराफेरी के लग रहे हैं आरोप



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने यह भी दावा किया है कि उसके पास यह साबित करने के लिए प्रयाप्त सबूत हैं। ईडी का आरोप है कि सीएम रेड्डी भ्रष्टाचार के जरिए 50 लाख रुपये की कमाई की है। ईडी के अधिकारियों ने जांच और कोर्ट के दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर आरोप पत्र में आरोपी नंबर 1 के रूप में रेवंत रेड्डी का नाम है। आपको बता दें कि यह मामला 2015 का है। 1 जून 2015 को तेलंगाना विधान परिषद चुनाव से पहले रेवंत रेड्डी को तेलुगु देशम पार्टी के उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी के पक्ष में वोट देने के लिए विधायक एल्विस स्टीफेंसन को 50 लाख रुपये का भुगतान करते हुए पकड़ा गया था।

## पहले लोगों का पूरा करेंगे वादा, फिर शपथ का इरादा

- **नायब सिंह सैनी का हरियाणा में रोजगार पर बड़ा ऐलान**
- **शाह की मौजूदगी में चुने गए बीजेपी विधायक दल के नेता**

**पंचकूला (एजेंसी)।** हरिणाया में एक बार फिर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही सत्ता की बागडोर थामेंगे। सौनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। अब हरियाणा में नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले सैनी ने रोजगार को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले 24 हजार युवाओं को नौकरी देंगे उसके बाद शपथ ग्रहण करेंगे। नायब सिंह सैनी ने एक्स पर पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा, मैंने संकल्प लिया था शपथ बाद में लूंगा पहले 24 हजार युवाओं को ज्वाइनिंग दूंगा। वादे को पूरा करते हुए कल नतीजे घोषित किए जाएंगे। भाजपा जो कहती है वो करती है। नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात



की और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे कुछ घंटे पहले ही पंचकूला में हुई बैठक में सैनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे।

## आतंकवाद को खत्म किए बिना नहीं हो सकता विकास

### एससीओ समिट में जयशंकर का पाकिस्तान और चीन को कड़ा संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में चल रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को पाकिस्तान और चीन को सख्त संदेश दिया। उन्होंने दोनों देशों को साफ तौर पर कहा कि आतंकवाद और विकास साथ-साथ नहीं हो सकते हैं। उन्होंने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना को भारतीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया।



जयशंकर ने कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट्स से क्षेत्रीय अखंडता प्रभावित होती है और भारत इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से गुजरने वाला यह प्रोजेक्ट भारत के लिए चिंता का विषय है। जयशंकर ने जोर देकर कहा कि एससीओ के सदस्य देशों का सहयोग परस्पर सम्मान और संप्रभुता पर आधारित होना चाहिए।

## इसरो बता रहा है कहां लगी आग, आप मना कर रहे हो

### हरियाणा और पंजाब सरकार पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, खूब सुनाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाया है। पराली जलाने के मामले में अदालत ने पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को तलब किया है। शीर्ष न्यायालय ने दोनों राज्यों को कानून तोड़ने वालों के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने पर कड़ी फटकार भी लगाई। कोर्ट का कहना है कि पंजाब और हरियाणा ने बीते 3 सालों में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सिर्फ मामूली जुर्माना लगाया। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस अभय एस ओक, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस ए अमानुल्लाह ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी फटकार लगाई है। कोर्ट ने आयोग को बगैर दांत वाला करार दिया और कहा कि यह अपने ही आदेश लागू नहीं करा पाया।




जस्टिस ओक ने कहा, पंजाब और हरियाणा की तरफ से कौन पेश हुआ है। आयोग के कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से जुड़े मामले से निपटने के योग्य नहीं है। आदेश का बिल्कुल पालन नहीं हुआ। हमारा पिछला और 10 जून का आदेश भी देखें। अब तक एक भी मुकदमा नहीं हुआ। सब कुछ सिर्फ कागजों पर है। इस पर वकील ने कहा कि इस साल 17 एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्ट ने कहा, लेकिन यह सब आयोग के किसी प्रावधान में हुआ है। उस प्रावधान में नहीं, जिसकी जरूरत है। हम आपको 1 सप्ताह का समय देते हैं नहीं तो सीएस के खिलाफ अवमानना का आदेश जारी करेंगे। आप लोगों के खिलाफ मुकदमा करने से शरमा क्यों रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का जिक्र भी किया। कोर्ट ने कहा कहा कि इसरो आपको बता रहा है कि कहां आग लगी, लेकिन आप कह रहे हैं कि कुछ नहीं मिला। जस्टिस ओक ने कहा, उल्लंघन के 191 मामले थे और सिर्फ मामूली जुर्माना लिया गया...। हरियाणा ने पूरी तरह से अवहेलना की। कोर्ट ने पंजाब को भी पराली की स्थिति लेकर घेरा। जस्टिस ओक ने कहा, यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। अगर मुख्य सचिव किसी के कहने पर काम कर रहे हैं, तो हम उन्हें भी तलब करेंगे। अगले बुधवार हम मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से बुलाएंगे।

## उमर अब्दुल्ला बने जम्मू-कश्मीर यूटी के सबसे पहले मुख्यमंत्री

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रैना को हराने वाले सुरेंदर चौधरी डिप्टी सीएम**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वे इस केंद्र शासित राज्य के पहले सीएम बन गए। कार्यक्रम श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई है। हालांकि उमर के शपथ समारोह में राहुल और प्रियंका गांधी मौजूद रहे। कांग्रेस ने सरकार को बाहर से समर्थन दिया है। पार्टी का कहना है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने तक उसकी लड़ाई जारी रहेगी। शपथ लेने के बाद उमर ने कहा कि उनकी गाड़ी के लिए सड़क पर कोई भी ग्रीन कॉरीडोर या ट्रैफिक नहीं रोका जाएगा। उन्होंने अपने मंत्रियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी ऐसा ही करें।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### आईएएस अलका तिवारी बन सकती हैं झारखंड की मुख्य सचिव



**रांची।** आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। केंद्र सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं। वह झारखंड के कई जिलों में डीसी के पद पर भी काम कर चुकी हैं। वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांग्ते पदस्थापित हैं। एल ख्यांगते इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होंगे। झारखंड में अचार संहिता लागू हो गया है। इस कारण मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापन का फैसला चुनाव आयोग को ही लेना है।

### नव प्रोन्नत 464 एएसआई को बैज पहनाकर किया सम्मानित




**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसमें नव प्रोन्नत 464 एएसआई को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर एसएसपी ने कहा कि नवप्रोन्नत एएसआई ऐसा बदलाव लायें, जिससे खुद के साथ-साथ रांची पुलिस की एक अच्छी छवि बन सके। सम्मानित किये गये नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों में खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, कोतवाली डीसीपी प्रकाश सोय और सदर डीएसपी संजीव बेसरा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### तेजस्वी यादव 18 को आएंगे रांची



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार विधासभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव 18 अक्टूबर को रांची आएंगे। वे रांची में राजद के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। साथ ही चुनाव से संबंधित सभी से बातचीत करेंगे।राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे। तेजस्वी वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श करेंगे ।

### पुलिस मुख्यालय में दो इंस्पेक्टर सहित छह पदाधिकारी नियुक्त




**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में दो इंस्पेक्टर सहित छह पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश बुधवार को जारी कर दिया है। इनमें इंस्पेक्टर अजय कुमार, महेंद्र दास के अलावा सब इंस्पेक्टर हेमंत भगत, ऋषिकेश कुमार सिन्हा, ललित खलखो और प्रीति कुमारी शामिल हैं।

### झारखंड पार्टी 20 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, पांच उम्मीदवारों की घोषणा



**रांची।** झारखंड पार्टी राज्य के 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख एनोस एक्का ने बुधवार को पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी जल, जंगल, जमीन के मुद्दों पर ही शुरू से राजनीति करती रही है। उन्होंने बताया कि दो दिनों के बाद बचे हुए सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के हित की बात करने वाले और समान विचारधारा वाले दलों से भी गठबंधन किया जाएगा। जो भी नई सरकार बनेगी, उसमें झारखंड पार्टी की भूमिका अहम होगी। झारखंड पार्टी राज्य में पलायन, पेयजल, रोजगार सहित दूसरे मुद्दों का निदान करेगी। वहीं दूसरी ओर कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र राजकुमार मुंडा ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी में शामिल हुए।

### निर्वाचन के दौरान चार एम पर रखें विशेष ध्यान : रवि कुमार

**विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिले के उपायुक्तों के साथ की बैठक**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन कर सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चार एम (मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी) पर विशेष ध्यान देने का निर्देश है। पीवीटीजी, वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करनी है। कुमार बुधवार को विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपयुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करा लें। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि वहां बिजली एवं लाइटिंग की व्यवस्था हो। स्वीप कैलेंडर तैयार कर मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले सभी मतदान केंद्रों के कारणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के उपायों पर कार्य करें। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए विशेष अभियान चलाएं।उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर प्रीजाइडिंग ऑफिसर के साथ चार पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति की जानी है। इस के लिए पहले से पदाधिकारियों को चिह्नित करते हुए उनकी सूची तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि इस बार के निर्वाचन में मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से वोटर टर्नआउट मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी पदाधिकारियों को दी गई है, जिसका अनुपालन करते हुए सुगमता के साथ मतदान संपन्न कराना है।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रांची में 23 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गयी है। इसी क्रम में राजधानी रांची विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए निषेधाज्ञा जारी की गयी है। चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी विधान सभा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी कर दिया गया है। रांची के सदर अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार के जरिये राजधानी में निषेधाज्ञा जारी कर दिया गया है। डीसी कार्यालय से मंगलवार देर रात जारी सूचना में बताया गया है कि निषेधाज्ञा 23 नवंबर रात 11.00 बजे तक लागू रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में बताया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दी गई है और घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए जनसभा, जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जनसभा और जुलूस में राजनितिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित और आंतकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इससे लोक शांति भंग हो सकती है। इसको लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, उत्कर्ष कुमार के द्वारा निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी विधान सभा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, किसी भी व्यक्ति, राजनितिक दल, संगठन, उम्मीदवार और अभ्यर्थी के जरिये राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो को लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक वर्जित रहेगा। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा, जुलूस, शादी, बारात पार्टी, शव-यात्रा, हाट-बाजार और अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों एवं विद्यालय तथा महाविद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

## आरपीएफ हटिया ने नाबालिग लड़की को बचाया



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक नाबालिग लड़की को एक व्यक्ति से बचाया है। रांची के मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार को लोकल पुलिस चान्हो से सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक नाबालिक लड़की को लेकर भाग गया है, जिसका केस थाने में दर्ज हुआ है। उसका लोकेशन हटिया के पास दिखा रहा है। जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल आरपीएफ हटिया को रेलवे स्टेशन पर मिले फोटो के अनुसार तलाशी अभियान चलाने के लिए निर्देश दिया। आरपीएफ हटिया के जरिये तलाशी अभियान दौरान देखा गया कि प्लेटफ़ॉर्म संख्या दो पर एक नाबालिग लड़की के साथ एक पुरुष बैठा था, फिर दोनों को लोकल पूलिस चान्हो के जरिये उपलब्ध कराए गए फोटो से मिलान किया गया और उनसे नाम पता पूछने पर उसने अपना रवि मुंडा बताया। वह चान्हो का रहने वाला है। मामले की सूचना लोकल पुलिस चान्हो को दी गई। पकड़े गए व्यक्ति और पीड़ित दोनों को सुरक्षित चान्हो पुलिस को सौंप दिया गया।

## रांची की सब्जी मंडी में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना के समीप स्थित सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह आग लग गई।। अगलगी की वजह से सब्जी मंडी में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस, दमकल कर्मी और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग सब्जी के बॉक्स और कैरेट में लगी थी, जो धीरे धीरे पूरे मार्केट में फैल गई। आग की लपटें इतनी जल्दी से फैली की सब्जी मंडी के दोनो ही मालों पर आग फैल गई। आग की लपटें काफी तेज होने के कारण नजदीक से कोई पानी भी नही डाल पा रहा था। सुखदेवनगर थाने के द्वारा मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई जिसके बाद टीम किसी तरह मंडी पहुची और आग पर काबू पाया। सब्जी कारोबारियों का कहना था कि अगलगी की वजह से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। किसी का आलू जल गया तो किसी का प्याज। आलू प्याज के साथ-साथ सबसे ज्यादा सब्जी रखने वाले कैरेट जले हैं। सब्जी कारोबारी को लाखों का नुकसान हुआ है। दुकानदारों ने कहा कि आग लगने की सबसे बड़ा कारण यहां नशेड़ियों का जमावड़ा है। आशंका जताई जा रही है कि सब्जी मंडी में नशा करने वाले लोग गांजा पीते हैं। इसी क्रम में माचिस की तिल्ली जहां-तहां फेंकने के क्रम में चिंगारी से आग लग गई हो। कुछ लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से भी आग लग सकती है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग को बुझा लिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद







**जब्त शराब के साथ हरिहरगंज पुलिस पदाधिकारी गण**

**प्रतिनिधि हरिहरगंज :** आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर एसपी पलामू के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने बुधवार को एक बोलेरो पर लदे भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है. बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी, की एक बोलेरो बीआर 26ए 7477 पर भारी मात्रा में अवैध शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है. सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन छापामारी अभियान चलाया गया. छापामारी के क्रम में कौवाखोह एनएच 139 पर शराब के साथ बोलेरो को पकड़ा गया. उक्त बोलेरो चालक को पुलिस गिरफ्तार कर लिया. बोलेरो की तलाशी लेने पर उसपर लदा हुआ 264 बोतल बीयर बरामद किये गए. जिसमें गॉडफादर का 650 मिली के 216 बीयर तथा गॉडफादर का 500 मिली के 48 केन बीयर पाया गया. जिसका मूल्य 44 हजार है. वहीं पुलिस ने बोलेरो तथा शराब को जप्त कर लिया. इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि जब्त शराब बिहार ले जाया जा रहा था. तस्करी में शामिल लोगों के बारे में तफ्तीश की जा रही है. जल्द ही तस्करों को भी गिरफ्त में लेकर कार्रवाई की जाएगी. छापेमारी दल में एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार गोप, हेमंती बास्की तथा राकेश कुमार सिंह सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे.

# राज्य के 804 विद्यालयों में मॉडल लैब्स की तर्ज पर व्यावसायिक शिक्षण प्रयोगशालाएं बनाने की तैयारी



**रांची ।** राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा को उन्नता प्रदान करने एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इन उन्नत प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों को 11 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की व्यवहारिक शिक्षा दी जायेगी। इन उन्नत लैब्स की अधिष्ठापना से पहले झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में छह मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। इन छह मॉडल प्रयोगशालाओं में परिधान एवं फैशन, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर, ब्यूटी एंड वैलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी शामिल है। वर्तमान में छह प्रयोगशालाओं की स्थापना की गयी है। आने वाले कुछ दिनों में रिटेल, एग्रीकल्चर, आईटी, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और मल्टीस्किल से जुडी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन्हीं प्रयोगशालाओं की तर्ज पर राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी, जिससे बच्चो को व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग मिलेगा।

**जेसीईआरटी में शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण-** झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षक भी इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके बाद वे अपने विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण दे सकें। इन प्रयोगशालाओं में उन्नत तकनीकों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षक शिक्षा में नवाचार से अवगत रहेंगे। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभाग प्रभारी श्री स्वप्निल हेमंत कुजूर ने बताया कि विद्यार्थियों को उन्नत व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए 2086 वोकेशनल प्रशिक्षक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। वर्तमान में विद्यालयों में 11 प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इसमें गुणवत्ता सुनिश्चित करने और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने के मकसद से राज्य स्तर पर झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। व्यावसायिक प्रशिक्षको के कार्यो का निरंतर मूल्यांकन किया जायेगा। साथ ही समय समय पर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा में नवाचार से अवगत कराने के लिए जेसीआरटी में प्रशिक्षण भी मिलेगा। इन प्रयोगशालाओं का निरिक्षण किया गया है। जांच के दौरान जो कमियां पायी गयी, उन्हें त्वरित निष्पादित करते हुए नवीन उपकरणों एवं सामग्रियों के साथ 804 विद्यालयों में भी प्रयोगशालाएं अधिष्ठापित करने का निर्णय लिया गया है।

## हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में गांजा जब्त



रांची, 16 अक्टूबर( हि.स.)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया है। आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन नारकोस के तहत हटिया स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट हटिया, आरपीएफ रांची की फ्लाइंग टीम और जीआरपी हटिया की ओर से संयुक्त जांच की गई। चेकिंग के दौरान प्लेटफ़ॉर्म संख्या दो पर दो ट्रॉली बैग, दो पिट्ठू बैग और एक बैग कुछ भारी चीज पड़ी हुई दिखाई पड़ी। इसका कोई वारिस आसपास नहीं था। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से उक्त बैग के बारे में पूछा गया लेकिन कोई भी दावेदार के रूप में सामने नहीं आया। संदेह होने पर, सभी पांच बैग को एक-एक करके खोला गया। बैग से मिले 20 पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। जब्त गांजा का वजन कुल 41 किलोग्राम पाया गया, जिसका अनुमानित कीमत 4,10,000 रुपये आंका गया।

# उम्मीदवार निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए तक ही खर्च कर सकेंगे: के रवि कुमार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक**




**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के जरिये कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों के जरिये निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गई है। प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाईट पर सार्वजनिक की जाती है। कुमार बुधवार को विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन आयोग के जरिये सुविधा एप्प बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों के जरिये नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है। साथ ही नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सी–वीजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचन संबंधित सभी निर्देशों को समझते हुए इससे अपने कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराएं, जिससे निर्वाचन संबंधी व्यय की गणना में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों के जरिये प्रचार-प्रसार, निर्वाचन प्रक्रिया, स्टार कैंपेनर, राजनीतिक दल आदि के लिए राज्य द्वारा कुछ नियम बनाए गए हैं, साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी "क्या करे, क्या नहीं करें" की निर्देशिका जारी की गई है। निर्वाचन के दौरान इनका अनुपालन एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कर किसी प्रकार के संशय से बचा जा सकता है। इस अवसर पर सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील के जरिये निर्वाचन में उपयोग आने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन जैसे सी–विजिल, सुविधा एप्प, केवाईसी आदि प्रत्याशियों के उपयोग में आने वाले विभिन्न एप्लिकेशनों के इस्तेमाल के विषय में बिंदुवार जानकारी दी गई। मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

## गिरिडीह में किसान की मौत मामले में तीन गिरफ्तार

**गिरिडीह**। आलू रोपने को लेकर दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प और पथराव में एक किसान मनु भोक्ता की मौत के मामले में धनवार थाना पुलिस ने बुधवार को सारण गांव के विश्वकर्मा परिवार के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। पुलिस तीनों से गहन पूछताछ में जुटी हुई है। विश्वकर्मा परिवार की ओर से पुलिस अब आवेदन मिलने का इंतजार कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मृतक पक्ष के फर्द बयान लेकर दूसरे पक्ष के खिलाफ केस दर्ज की कार्रवाई करेगी। दोनों पक्षों के घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। घटना के बाद से हो गांव में धनवार पुलिस अब भी कैंप किए हुए हैं। हालांकि, गांव का माहौल अब सामान्य है। थाना प्रभारी सत्येंद्र पॉल ने बताया कि आलू रोपने को लेकर मंगलवार शाम में दो में हिंसक विवाद हुआ था। पहले कहासुनी हुई। फिर मारपीट व पथराव की घटना हुई, जिसमें इलाज के दौरान एक की मौत और 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्होंने कहा कि पहले भी उक्त प्लॉट को लेकर दोनों पक्षों को नोटिस भेजा गया था। अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर आयोजित हुआ स्वीप कार्यक्रम

**लोहरदगा**। .मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को स्पीप कोषांग की ओर से विभिन्न प्रखण्डों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। ये कार्यक्रम प्रखण्डों के विभिन्न गांवों के जनवितरण प्रणाली की दुकानों में आयोजित किये गये। भण्डरा प्रखण्ड के बलसोता गांव और बड़ अंबेरा में स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा के नेतृत्व में नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए फार्म-6 की जानकारी दी गई। साथ ही अपील की गई कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में 13 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मौके पर मौजूद सभी मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलायी गई।कुडू प्रखण्ड के ननतीलो, लावागाईं, कुडू बाजारटांड़ में मतदाताओं को जागरूकता किया गया। इसमें जनवितरण प्रणाली वितरण दुकानदार, बीएलओ, आंगनवाड़ी सेविका द्वारा मतदाताओं 13 नवंबर 2024 विधानसभा आम निर्वाचन अंतर्गत होनेवाले मतदान की तिथि से अवगत कराते हुए मतदान की अपील की गई।कैरो प्रखण्ड में भी जनवितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## रामगढ़ डीसी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, आचार संहिता का पढ़ाया पाठ




**रामगढ़**। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को राजनीतिक दलों के साथ आवश्यक बैठक की। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आचार संहिता का पाठ पढ़ाया गया। डीसी चंदन कुमार ने कहा कि अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने रामगढ़ जिले में बड़कागांव, रामगढ़ एवं मांडू विधानसभा क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। साथ ही पेड न्यूज मॉनिटरिंग, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग आदि के तहत किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पीपीटी के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के दौरान क्या करें और क्या ना करें इस संबंध में विस्तार से बताया। उन्हें बताया गया कि अब वे बिना आरओ की अनुमति के अपनी गाड़ी में ना तो पार्टी का झंडा लगा पाएंगे और ना ही बैनर। वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। बताया गया कि निर्वाचन के समय मे कोई भी सरकारी कर्मचारी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो सकता है। यदि ऐसा होता है तो इसे भी अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रियों द्वारा ऑफिशियल वाहनों का प्रयोग राजनैतिक कार्यों के लिए रोक लगा दी गई है। किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। साथ ही किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रुट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना पूर्व सूचना के किसी भी जुलूस व रैली को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा पोलिंग स्टेशनों के 200मीटर दायरे के अंदर किसी भी प्रकार की चुनावी मीटिंग, कन्वेंसिंग, कोई भी आपत्तिजनक कार्य या कोई भी कैम्पेनिंग करने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन के दौरान शराब का वितरण नहीं किया जा सकेगा। नॉमिनेशन के दौरान केवल 3 वाहनों को ही आरओ के कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में आने की अनुमति होगी। ऑफिशियल कार्यों को कैम्पेनिंग के कार्यों में मिक्स नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार का प्रलोभन चाहे आर्थिक अथवा कोई और तरह से मतदाताओं को देने पर रोक है। इतना ही नहीं निर्वाचक के द्वारा किसी भी प्रकार की जातीय और साम्प्रदायिक अपील नहीं की जाएगी। दूसरी पार्टियों व उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा असत्यापित आरोपों और विकृतियों के आधार पर किसी की आलोचना नहीं की जाएगी। किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाएगा।

# बिहार के नाबालिग बच्चे का जपला रेलवे स्टेशन पर रेस्क्यू, सीडब्ल्यूसी को सौंपा गया

**पलामू**। पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात आरपीएफ ने एक 12 वर्षीय बच्चे का रेस्क्यू किया है। बच्चा बिहार के जहानाबाद का रहने वाला है। बुधवार सुबह 10 बजे आरपीएफ बच्चे को लेकर मेदिनीनगर पहुंची और बाल कल्याण समिति पलामू को सौंप दिया। बच्चे को बाल गृह में रखा गया है। काउंसलिंग के बाद परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र प्रताप यादव और उमेश राम के साथ प्रधान आरक्षी दिनेश कुमार, प्लेटफार्म संख्या-03 पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान लगभग 20:50 बजे उन्होंने 12 वर्षीय रोहित राज को अकेले भटकते हुए देखा और उससे पूछताछ की। बच्चे ने बताया कि वह बिहार के जहानाबाद जिले




के नेहालपुर गांव का रहने वाला है और कक्षा-5 का छात्र है। उसने अपनी स्थिति को बताते हुए कहा कि उसकी मां का देहांत हो चुका है और उसके पिता शराब के आदी हैं। उसकी देखभाल नहीं करते। रोहित अपने रिश्तेदारों के पास जा रहा था लेकिन रास्ता भूलने के कारण जपला रेलवे स्टेशन पर पहुंच गया। बच्चे ने एक मोबाइल नंबर भी दिया, जिस पर संपर्क किया गया लेकिन दूसरी तरफ से एक महिला ने स्वयं को उसकी चाची बतायी और कहा कि उस बच्चे से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने स्थिति को गंभीरता से लिया और यह सुनिश्चित किया कि बच्चा किसी आपराधिक गतिविधि या मानव तस्करी का शिकार न हो। बच्चे को बिस्किट, खाना और पानी देकर उसकी देखभाल की गई। सुरक्षित रेस्क्यू के बाद, रेलवे सुरक्षा बल ने 16 अक्टूबर को बच्चे को बाल कल्याण समिति पलामू को सुपुर्द कर दिया, ताकि बच्चे की आगे की देखभाल सुनिश्चित की जा सके। बाल कल्याण समिति के सदस्य धीरेंद्र भारती ने बताया कि सुबह 10 बजे एक बच्चे को आरपीएफ जपला सौंपी है। उसे बाल गृह में रखा गया है।

## बीडी प्रसाद की इनोवा गाड़ी में ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, चालक की मौत, दो की हालत नाजुक




**पलामू**। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद की इनोवा गाड़ी में बुधवार रात लगभग एक बजे बाराचट्टी थाना (गया) के ताराचंडी पास एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ड्राइवर विजय शर्मा की मौत हो गई। यह दुर्घटना तब घटी जब ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा रांची से गया जा रहे थे। दुर्घटना में ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। उनके समर्थक व परिवारजन उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके परिवार और समर्थकों ने सरकार से इस हादसे की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## लातेहार में छह बदमाश गिरफ्तार, पांच हथियार बरामद

**लातेहार**। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर अपराधियों के एक गैंग का उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने गैंग के 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चार देशी राइफल एक देसी रिवाल्वर कई गोलियां और नक्सलियों का वर्दी बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों में मनिका के जूंगुर निवासी अपराधी अनिल यादव तथा जावेद अंसारी, सदर थाना के मानिकपुर निवासी सागर यादव, शिवनंदन यादव, लातेहार स्टेशन निवासी अखिलेश यादव तथा बालूमाथ रजवार निवासी मिथिलेश यादव शामिल हैं। डीएसपी भरत राम ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के जूंगुर गांव का रहने वाला अपराधी अनिल यादव एक अलग प्रतिबंधित क्रियावादी उग्रवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। अपराधियों के द्वारा लोगों को डरा-धमकाकर



रंगदारी वसूली जा रही है। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम बनाकर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने जूंगुर गांव के पास जंगल से अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया। अनिल यादव से जब पूछताछ की गई तो उसने अपने संगठन के अन्य सहयोगियों का भी नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर गिरोह के सभी 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधियों की निशानदेही पर लातेहार सदर थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव में छापेमारी कर अपराधियों के द्वारा छुपाए गए चार देशी राइफल, एक देसी रिवाल्वर, चार गोली, चितकबरा वर्दी समेत कई अन्य समान भी बरामद किया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से जब पूछताछ की गई तो अपराधियों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों के द्वारा प्रतिबंध प्रतिवादी नक्सली संगठन बनाया गया था और नक्सली के नाम पर रंगदारी वसूलते थे। डीएसपी ने कहा कि अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। छापेमारी में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, सत्येंद्र कुमार रंजन पासवान समिति की भी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## देवघर का सिविल सर्जन 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**देवघर**। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को देवघर के सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा को 70 हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। नर्सिंग होम का लाइसेंस रेन्युअल कराने के नाम पर सिविल सर्जन अपने बेलाबगान स्थित आवास नवजीवन हास्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर पर घूस ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद टीम उसे दुमका ले गई। एसीबी के अनुसार बंगाल के नार्थ आसनसोल निवासी मो महफुज आलम ने लिखित आवेदन दिया था कि कॉलेज रोड मधुपुर में आवेदक ने वर्ष 2020 में बंगाल नर्सिंग होम के नाम से एक दस बेड के हॉस्पीटल की शुरुआत किया था। इनके नर्सिंग होम का 9 जून तक का प्रोविजनल प्रमाण पत्र का रेनुवल कराना था। इस बीच इनके



गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन होने के कारण आवेदक ने 24 दिन की देरी से 3 जुलाई को प्रमाण पत्र रेनुवल का आवेदन देवघर सिविल सर्जन कार्यालय को दिया था। काफी दिन के बाद भी जब इनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा से मिले। सिविल सर्जन देवघर डॉ रंजन सिन्हा ने आवेदक के नर्सिंग होम का प्रमाण पत्र रेनुवल के लिए एक लाख रुपये की मांग की। आवेदक के आरजू विनती करने पर डॉ रंजन सिन्हा बोले कि तीन-चार बार में उक्त राशि दे देना रेनुवल हो जायेगा। शिकायतकर्ता के आवेदन का एसीबी ने सत्यापन कराया। सत्यापन के क्रम में आरोपित सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा के द्वारा घूस की रकम 1,00,000 रुपये से बढ़ाकर 1,50,000 रुपये करने की पुष्टि हुई थी। आरोपित को घूस की रकम के प्रथम किस्त 70,000 रुपये के साथ बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

## हत्या और मारपीट मामले में आठ अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम**। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में विजयादशमी की रात विसर्जन के दौरान उत्पात मचाने वाले आठ अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों पर बाइक पर सवार होकर शहर में घूम घूम कर मारपीट करने और चाकू बाजी की घटना को अंजाम देने का आरोप है। आरोपितों में मनमीत सिंह गुजराल उर्फ अनमोल, यश सोनकर उर्फ चीकू, अभय कुमार यादव उर्फ टुनटुन यादव, आरुष लाल, प्रतीक कुंभार, अमृत सिंह, अनमोल लाल और जोयदीप नायक का नाम शामिल है। सभी आरोपित बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले है। इनके पास से आरोपी के पास से तीन एप्पल सहित सात मोबाईल फोन, हत्या के लिए प्रयुक्त चाकू, दो बाइक, एक स्कुटी बरामद किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को बताया कि 13 अक्टूबर विजयदशमी की रात में विसर्जन के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों




के जरिये मोटरसाइकिल में सवार होकर शहर में घूम कर मारपीट और चाकू बाजी की घटना की सूचना प्राप्त हुई। इस दौरान कदमा थाना क्षेत्र के उलियान के रहने वाले देवराज पिल्ले को 8-10 अज्ञात बदमाशो ने मारपीट कर चाकू से हमला कर हत्या कर दिया। फिर सूचना मिली की मेला देखकर घर जा रहे एक व्यक्ति को 8-10 बदमाशो ने जान मारने की नीयत से चाकू एवं बेल्ट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घटना को लेकर बिष्टुपुर थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल टीम की सहायता एवं गुप्तचर की मदद से घटना में शामिल आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया।

## मंईयां सम्मान योजना के नाम पर किया जा रहा फंड डायवर्सन : अर्जुन राम



**धनबाद**। केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार को धनबाद दौरे पर पहुंचे । इस दौरान कई कार्यक्रम में शिरकत करते हुए वो धनबाद के हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में पत्रकारों से मुखातिब हुए।

**उन्होंने झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईया-** सम्मान योजना पर सवाल खड़े करते हुए आशंका जाहिर कि योजना के नाम पर फंड डायवर्सन किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कोयला चोरी मामले पर कहा कि देश की ऊर्जा की इतने बड़े पैमाने पर चोरी होना, बड़ा ही गंभीर और चिंताजनक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार आती है तो कोयला चोरी पर रोक लगेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग के कारण हो रहे प्रदूषण पर भी रोक लगाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आगे कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार आने पर विकास के कार्यों में तो तेजी आएगी ही, साथ ही यहाँ कोयला उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने डेवलपमेंट और अच्छा गवर्नमेंट को भाजपा का चुनावी एजेंडा बताया।

# पड़वा और हरिहरगंज में पकड़ी गयी छह लाख से अधिक की अवैध शराब

**पलामू**। विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पलामू पुलिस के द्वारा अवैध शराब को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिले के पड़वा और हरिहरगंज थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान की गयी कार्रवाई में छह लाख से अधिक की शराब जब्त की गयी है। पड़वा इलाके से पांच लाख 82 हजार 93 रूपए की शराब पकड़ी गयी है। इसके अलावा एक बोलेरो मैक्सी ट्रक (बीआर01जीके3228) को भी जप्त किया गया है। वाहन से 750 एमएल की 358 बोतल और 180 एमएल की 3264 बोतल विदेशी शराब जप्त की गयी है। उधर हरिहरगंज इलाके में 650 एलएल की 216 बोतल एवं 500 एमएल की 48 केन बीयर बरामद






की गयी है। इसका बाजार मूल्य 44 हजार रूपए है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बुधवार शाम बताया कि अवैध शराब तस्करी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में बोलेरो वाहन (बीआर 26ए 7477) से अवैध बीयर बरामद किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कार्रवाई टीम में पुलिस अवर निरीक्षण सतीश कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार गोप, म.पु.अ.नि हेमंती बास्की, राकेश कुमार सिंह और जवान शामिल थे। पड़वा इलाके में मंगलवार रात्रि गश्ती के दौरान छापामारी की जा रही थी। पुलिस टीम को देखकर एक बोलेरो मैक्सी ट्रक वाहन को चालक मध्य विद्यालय पड़वा के पास रोककर भाग गया। तलाशी लेने पर रॉयल स्टेग व्हीस्कि विदेशी शराब 29 कार्टून में 12-12 बोतल एवं एक कार्टून में 10 बोतल बरामद हुई। प्रत्येक बोतल पर फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया। इसी तरह ऑफिसर्स च्वाइस ओरिजल व्हीस्कि विदेशी शराब 68 कार्टून में 3264 पीस शराब बरामद हुई। इस पर भी फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**धनबाद**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है। उन्होंने कहा अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए




गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया। वहीं एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा लें। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें। आवेदन मिलने पर पहले आओ पहले पाओ की नीति पर अनुमति प्रदान की जाएगी।

# विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर बैंकों के जिला समन्वयक के साथ डीईओ ने की बैठक

**पाकुड़** : बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला अंतर्गत सभी बैंकों के जिला समन्वयक के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देशा दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों व कंपनियों से नकदी ले जानेवाली गाड़ियां किसी भी परिस्थिति में बैंक की नकदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नकदी अपने साथ वाहन में नहीं रखेंगे। बाह्यय स्त्रोत एजेंसी व कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र व दस्तावेज इत्यादि होने चाहिए। जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गई नकदी की विवरणी व किसी प्रयोजन के लिए राशि उपलब्ध कराया गया है (जैसे-एटीएम मशीनों में भरने/अन्य शाखाओं अथवा बैंकों में रखने आदि) का उल्लेख होगा। बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों व कंपनियों के कार्मिक (जो नकदी ले जाने वाली गाड़ी के साथ जा रहे हैं) के पास संबंधित एजेंसी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र उपलब्ध रहना चाहिए। साथ ही निर्वाचन प्रकिया के दौरान प्रतिनियुक्त किए गए उड़नता दल व स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा इन गाड़ियों को रोका जाता है तो उनके द्वारा सत्यापन किया जायेगा। बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि 10 लाख रू या इससे ऊपर का कैश ट्रांजेक्शन किसी बैंक खाता में हो तो इसकी सूचना व्यय लेखा कोषांग को दें। निष्पक्ष व त्रुटिरहित विधानसभा चुनाव संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि चुनाव लड़नेवाले अभ्यर्थियों के द्वारा नया बैंक एकाउंट खोला (बैंक/पोस्ट ऑफिस / कॉपरेटिव बैंक) जाना है। यह बैंक खाता अभ्यर्थी के नाम से अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त रूप से हो सकता है। संबंधित बैंक के द्वारा प्राथमिकता देते हुए उस व्यक्ति का खाता खोला जायेगा। साथ ही चुनाव प्रकिया के दौरान अभ्यर्थी व उसके अभिकर्ता के द्वारा उक्त खाते से किये जानेवाले ट्रांजेक्शन में बैंक के द्वारा प्राथमिकता दिया जायेगा। इसके अलावा बैठक में ESMS और सी विजिल एप के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ESMS) से किस प्रकार चुनाव में अनैतिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी बैंकों में चुनाव से संबंधित स्टीकर चिपकाने का निर्देश दिया गया।




# विवाहिता बेटी को जलाकर मार डाला, पिता ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप, मामला दर्ज

**पाकुड़**ः जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला की हत्या कर उसके शरीर में आग लगा दी गई. घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतका के परिजनों से पूछताछ की. घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया. मिली जानकारी के मुताबिक सदर प्रखंड जुगीगढ़िया गांव की 22 वर्षीय कुलशन बीबी की हत्या बीते देर रात कर दी गयी. आज अहले सुबह जब घर से धुआं निकलते देखा तो कुलशन के पिता सामसेद शेख ने परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी. इधर, सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा दलबल के साथ पहुंचे और घटना को लेकर जांच शुरू कर दी. मृतका के पिता सामसेद शेख ने बेटी की हत्या का आरोप अपने दामाद पर लगाया है. पिता सामसेद शेख ने बताया कि उनकी बेटी की शादी दो वर्ष पहले हजरत शेख के साथ हुई थी. दो माह पूर्व भी उसकी बेटी के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था. इसके बाद से वो मायके में ही रह रही थी ताकि उसका इलाज करा सके. शमशाद ने बताया कि बीते दिन कुलशन अपने पति के पास इलाज के पैसे मांगने गयी थी. इस दौरान उसे धमकी मिली कि उसका चेहरा बिगाड़ देंगे. जिसके बाद रात में उसकी बेटी का शव मिला, जिसमें उसका चेहरा जला हुआ पाया गया. घटना को लेकर मृतक के पिता सामसेद शेख, पिता स्व0 हेफाजुद्दीन शेख, ग्राम जुगीगुड़िया, थाना पाकुड़ (मु॰), जिला पाकुड़ के आवेदन के आधार पर इनकी बेटी कुलशुन खातून की दहेज के लिए आग से जलाकर हत्या कर देने के आरोप में पाकुड़ (मु॰) थाना काण्ड संख्या 214/2024, दिनांक 16.10.2024, धारा 80(2) भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त हजरत शेख (मृतका का पति), पिता आपसा शेख, ग्राम जुगीगुड़िया, थाना पाकुड़ (मु॰), जिला पाकुड़ के विरूद्ध दर्ज किया गया है। अनुसंधान के क्रम में फॉरेन्सिक टीम द्वारा घटनास्थल की जाँच कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किया गया है। तत्पश्चात् मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त हजरत शेख (मृतका का पति) से पूछताछ की जा रही है।






# बिना माइनिंग के पत्थर लदे चार वाहन जप्त, मामला दर्ज

**लिट्टीपाड़ा** : सिमलोंग ओपी क्षेत्र के घरमपुर सिमलोंग मुख्य सड़क घरमपुर बंगला के समीप मंगलवार देर रात पुलिस ने बिना माइनिंग के पत्थर लदे चार वाहन को जप्त कर मामला दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार साहेबजंग जिले के पत्थर क्रेसर से हाइवा संख्या जेएच 17 एबी 0905, जेएच 04एबी 7664एवं ट्रक संख्या बीआर 01जीजी5347, बीआर 01 जीबी 7233 पत्थर लोड कर घरमपुर के रास्ते गोड्डा जा रहे थे . नियमित गस्ती के दौरान पुलिस ने चारों वाहनों को रोककर जांच करने पर चारो ट्रोकों के पास पत्थर का माइनिंग नही रहने के कारण पुलिस ने चारों ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया. ओपी प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया गस्ती के दौरान पत्थर लदे चारो ट्रक को रोक कर चालक से कागजातों की मांग करने पर चालक द्वारा ट्रक में लोड माइनिंग चलन नही दिखा पाया. इसको लेकर चारो वाहनों को जब्त करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को लिखित सूचना दिया गया. जिला खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर थाना में मामला दर्ज कर आगे की करवाई किया जा रहा है.

# डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग सेंटर का डीईओ सह डीसी ने किया निरीक्षण



♦ पुलिस अधीक्षक, डीडीसी, परियोजना निदेशक, आईटीडीए समेत टीम के सदस्यों के साथ विभिन्न हाल का लिया जायजा....

♦ भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को विधानसभावार ले आउट अविलंब तैयार करने का दिया निर्देश....


**पाकुड़** : विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डिस्पैच सेंटर/रिसिविंग सेंटर के रूप में चिन्हित बाजार समिति पाकुड़ का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने बुधवार को निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने क्रम बाजार समिति के विभिन्न हाल का जायजा लिया। संबंधित पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर विभिन्न हाल को विधानसभावार चिन्हित किया। साथ ही मतदान कर्मियों के डिस्पैच के दिन विधानसभावार कर्मियों के प्रवेश – निकासी, विधानसभावार वाहन पड़ाव आदि के स्टाल को लेकर क्षेत्र का भी निर्धारण किया।उन्होंने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को पूरे बाजार समिति को तैयार करने, विधानसभावार हाल के निर्धारण एवं निकासी – प्रवेश द्वार को दर्शाने का निर्देश दिया।

मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा बाइक चलाने पर प्रतिबंध, डीसी का सख्त निर्देश

**पाकुड़** : राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए जिला प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. सीएसआर मद के तहत बीजीआर और डीबीएल कोल कंपनी द्वारा 100-100 ट्रैफिक बैरियर जिला प्रशासन को प्रदान किए गए हैं. डीसी मनीष कुमार और एसपी प्रभात कुमार ने सभी थानों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर इन बैरियर्स के उपयोग के निर्देश दिए हैं. इस संबंध में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पिछले वर्ष की दुर्घटनाओं और उनके कारणों की समीक्षा की गई. डीसी ने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा बाइक चलाने पर प्रतिबंध लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया.

बता दें कि जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक कुल 63 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 62 लोगों की जान गई. प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है.



# पाकुड़ विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न

**पाकुड़** : विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत झारखंड समाजसेवी संगठन के तत्वावधान में गांधी चौक स्थित प्रखंड कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में युवा नेता अफीफ अमसल ने मुख्य रूप से भाग लिया. अफीफ अमसल ने सभी जॉन प्रभारी, पंचायत प्रभारी, और पंचायत अध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनकी मेहनत और उत्साह की सराहना की. उन्होंने कहा कि विशाल कार्यक्रम को देखते हुए पूर्व विधायक अकिल अख्तर की जीत सुनिश्चित है. उन्होंने कार्यकर्ताओं को विधानसभा तक डटकर पूर्व विधायक के साथ ताल मिलाकर रहने के लिए प्रेरित किया. अफीफ ने "दूर तू दूर" कैंपेन के तहत जनसंपर्क अभियान चलाने का सुझाव दिया और बताया कि डोर-टू-डोर जाकर जनता की समस्याओं को सुनना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि जीत के बाद बूथ स्तर पर जिला स्तरीय समिति को अपने क्षेत्र में काम में जुटाना होगा, ताकि चुनावी मैदान में मजबूती से उतर सकें और जनता की समस्याओं का समाधान कर सकें. इस बैठक में रफीक अहमद, मनीष राज चौबे, अहमादुल्लाह, अब्दुल रशीद मूसा, मंजूर आलम, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सादाकाश अली, कमरुज्जमल, कमरुद्दीन, समीर शेख, मौलाना खैरुल हक, बादशाह शेख, प्रिंस साहब सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.



# कैबिनेट के फैसले: कोसी-मेची नदी जोड़ योजना के फेज-2 के लिए 14.16 करोड़ रुपए मंजूर, डीपीआर बनेगी

## सीमांचल क्षेत्र के 2.51 लाख हेक्टेयर खेतों तक पानी पहुंचेगा



**पटना, एजेंसी।** कोसी-मेची नदी जोड़ योजना में फेज-2 के तहत डीपीआर तैयार होगी। इसके लिए 14.16 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। फेज-1 के तहत 2.78 करोड़ रुपए के लिए स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली। बैठक में 22 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि कोसी-मेची परियोजना की डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) तैयार होने के बाद क्रियान्वयन कराया जाएगा। योजना पूरी होने से सीमांचल क्षेत्र में सिंचाई की बेहतर सुविधा होगी। अररिया, किशनगंज, पूर्णिया व कटिहार के 2.51 लाख हेक्टेयर खेतों तक पानी पहुंचेगा। राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा तैयार कोसी-मेची लिंक परियोजना की प्रथम पुनरीक्षित प्राक्कलित राशि 6282 करोड़ है। स्पेशल कैटेगरी के तहत इस परियोजना को 90 फीसदी केन्द्रांश व 10 फीसदी राज्यांश के फंडिंग पैटर्न पर स्वीकृति के लिए जल शक्ति मंत्रालय से अनुरोध किया गया है। फेज-1 में मुख्य नहर, शाखा नहर, वितरणी व इससे संबंधित संरचना के कार्य होने हैं, जबकि फेज-2 में उपवितरणियों, लघु नहरों व उप नहरों के कार्यों को शामिल किया गया है। वहीं, डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कर्मनासा नदी पर पंप नहर योजना इस साल दिसंबर तक पूरी हो जाएगी। कैबिनेट ने इस परियोजना के लिए संशोधित व पुनरीक्षित प्राक्कलित राशि 89.95 करोड़ की मंजूरी दी है।

इसमें कर्मनासा नदी के पानी को चौसा शाखा नहर से रामपुर वितरणी के 9.50 किमी पर पंप द्वारा लिफ्ट कर पानी उपलब्ध कराना है। इससे 2786.10 हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। उधर, जमुई की कुंडघाट जलाशय योजना जुलाई 2025 तक पूरी हो जाएगी। इस पर अब 270.32 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पहले इस योजना के लिए 185.22 करोड़ रुपए स्वीकृत थे। कैबिनेट ने पुनरीक्षित राशि को मंजूरी दी। इस जलाशय का निर्माण जमुई के सिकंदरा में बहुआर नदी पर कराया जा रहा है।

### परीक्षा और अनुभव के आधार पर फार्मासिस्ट की नियुक्ति

कैबिनेट ने फार्मासिस्ट नियुक्ति नियमावली 2014 में संशोधन किया है। इसकी जगह नियमावली 2024 स्वीकृत हुई है। नई नियमावली के प्रावधानों के तहत फार्मासिस्ट में सीधी नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा 18 वर्ष होगी। इसमें आरक्षण के प्रावधान लागू होंगे। सरकार रिक्तियों के आधार पर विज्ञापन निकालेगी और लिखित परीक्षा व अनुभव के आधार पर पात्र उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा 75 अंकों की होगी। जबकि अनुभव के लिए 25 ग्रेस अंक दिए जाएंगे। प्रतिवर्ष अनुभव के लिए पांच ग्रेस अंक तय किए गए हैं।

### उच्च न्यायिक सेवा के स्वीकृत 714 पदों में से 35प्रतिशत प्रवर कोटि में होंगे

उच्च न्यायिक सेवा (जिला न्यायाधीश ग्रेड) के स्वीकृत कैडर पद संख्या के आधार पर प्रमुख ग्रेड और अतिरिक्त वेतनमान में पदों के परिवर्तन को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उच्च न्यायिक सेवा के कुल 714 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 35प्रतिशत पद प्रवर कोटि में और 15प्रतिशत अधिकाल वेतनमान में परिवर्तित किए जाएंगे। इसके तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रवेश बिंदु के 357 पद, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रवर कोटि) में 250 पद और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के 107 पदों का नया कैडर होगा।

### ये फैसले भी हुए

बापू टावर के संचालन, रखरखाव पर 1.63 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बापू टावर संग्रहालय के निदेशक पटना कार्यालय का गठन सहित कुल 20 पदों के सृजन की मंजूरी।

मोकामा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए 33 पदों का सृजन।

पैक्स चुनाव के लिए 18.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति।

बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम सदस्य को प्रशासनिक कर्तव्यों के प्रभार धारण करने की अवधि में 200 रुपए प्रति माह की जगह 15000 रुपये प्रति माह विशेष वेतन देने के प्रस्ताव की मंजूरी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में जहरीली शराब का कहर, छपरा में एक की गई जान दो की आंख की रोशनी खत्म



**छपरा, एजेंसी।** बिहार में जहरीली शराब ने एक बार फिर कहर बरपाया है। जानकारी के मुताबिक सारण जिले के छपरा में एक शख्स की मौत के बाद जहरीली शराब पीने से हुई है। जिले के मशरक के बराहींपुर गांव में मंगलवार की रात शराब पीने से एक युवक की मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक, जहरीली शराब की वजह से दो लोगों की आंख की रोशनी भी छिन गई है। इधर सारण की सीमा से सटे सीवान जिले के भगवानपुर प्रखंड के बेलासपुर में भी 3 की मौत की चर्चा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, जिले के भगवानपुर थाने के कौड़ियां गांव में मंगलवार की रात 3 लोगों की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। पुलिस ने 2 शव बरामद किए हैं। कहा जा रहा है कि 1 शख्स के शव को परिजनों ने जला दिया है। परिजन जहरीली शराब पीने से मौत होने का आरोप लगा रहे हैं। यहां डीएम-एसपी जांच के लिए घटनास्थल पर रवाना हो चुके हैं। अभी प्रशासन इन मौतों की गहराई से जांच-पड़ताल कर रहा है।

### हाइवे पर ग्रामीणों ने झपटमार को पकड़ा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर से घर लौट रहे बेनीबाद के जाता निवासी ललन तिवारी के पुत्र आशीष कुमार से गरहां में बाइक सवार बदमाश ने पीछे से झपटा मारकर मोबाइल लूट लिया और भागने लगे। आशीष के शोर मचाने पर गरहां चौक पर स्थानीय ग्रामीणों ने बदमाश को घेरकर पकड लिया और धुलाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। बदमाश की पहचान अहियापुर जानकी मंदिर निवासी उमेश राय के 18 वर्षीय सोनू कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने बताया कि बदमाश की बाइक जब्त कर ली गई है। वहीं, लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मेला देखने गयी महिला लापता, प्राथमिकी दर्ज

**भागलपुर, एजेंसी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला लापता हो गयी। मंगलवार को उसके पति ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उसने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी पुत्री के साथ 10 अक्टूबर को जगदीशपुर दुर्गा मेला गयी थी। जहां से देर रात तक लौटकर नहीं आई। इसके बाद उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। लगातार चार दिनों तक खोजबीन के दौरान पता चला कि बेलहर थाना क्षेत्र के चौरा गांव के शुभम कुमार ने शादी की नीयत से उसका अपहरण कर लिया है। इसके बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाजार में दुकानदारों को साफ-सफाई को लेकर किया जागरूक

**भागलपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने सोमवार को नगर परिषद कार्यालय नवगछिया में योगदान दिया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवगछिया मुकेश कुमार द्वारा बुके देकर उनका स्वागत किया गया एवं उन्हें नगर परिषद, नवगछिया का प्रभार सौंपा गया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी के साथ बाजार में घुमकर चारों तरफ साफ-सफाई का जायजा लिए। उन्होंने दुकान के आगे फेंके गए पन्नी और कूड़ा को कूड़ेदान में फेकने की बात दुकानदारों से कही और कार्यालय कर्मी को निर्देश देते हुए बाज़ार में माइकिंग कराते हुए बाजार में यत्र-तत्र सड़कों, चौक-चौराहे पर कूड़ा नहीं फेकने की अपील नगर वासियों से करने को कही।

## पटना में डेंगू से बुजुर्ग की मौत, 58 नए मरीज मिले; बिहार में पीड़ितों की संख्या 4000 के पार



**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना स्थित एनएमसीएच के मेडिसिन वार्ड में भर्ती नालंदा के नगरनौसा निवासी डेंगू पीड़ित 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मरीज को काफी गंभीर स्थिति में 13 अक्टूबर को भर्ती किया गया था। विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पटना में मंगलवार को डेंगू के कुल 58 नए मामले मिले। अब तक कुल पीड़ितों की संख्या बढ़कर 2373 हो गई है। मंगलवार को पाटलिपुत्रा से 20, कंकड़बाग से 19, एनसीसी से छह, अजीमाबाद और बांकीपुर से दो-दो पीड़ित मिले। वहीं एक पीड़ित की पहचान नहीं हो सकी। आसपास के प्रखंडों में दानापुर और फुलवारीशरीफ से तीन-तीन जबकि मनेर और संपतचक से एक-एक पीड़ित मिले। वहीं मंगलवार को चिकनगुनिया का एक मामला सामने आया है। जिले में चिकनगुनिया पीड़ितों की कुल संख्या 119 हो गई है। बता दें कि बिहार में डेंगू मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार राज्यभर में सोमवार (14 अक्टूबर) को डेंगू के 130 नए मरीज मिले हैं। इसमें सिर्फ पटना के 58 डेंगू पीड़ित हैं। पूरे राज्य में इस साल एक जनवरी से 14 अक्टूबर तक डेंगू मरीजों की कुल संख्या 4830 हो गई है। इस साल सिर्फ पटना में 2391 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। डेंगू से इस साल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। गया में 10, मुजफ्फरपुर में 8, नालंदा 6, समस्तीपुर में 4, सारण में 4, गोपालगंज में 4, भागलपुर में 4, वैशाली में 3, नवादा में 3, मधुबनी में 3, पूर्वी चंपारण में 3 डेंगू मरीज मिले हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच ने डांडिया का किया आयोजन :सहरसा में पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**सहरसा, एजेंसी ।** सहरसा में पहली बार मारवाड़ी युवा मंच ने डांडिया का आयोजन किया । कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह बीजेपी विधायक आलोक रंजन झा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना और सहरसा नगर निगम की मेयर बैन प्रिया, उप मेयर गुड्डू हयात ने सम्मिलित रूप से दीप जलाकर किया । आयोजित कार्यक्रम में शहर की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई । बाहर से आए कलाकारों ने नृत्य संगीत के धुन महिलाओं ने डांडिया खेला और जमकर इंजॉय किया ।

## पटना को गंदा करने वाले रहें सावधान, अदालत लगा कर मिलेगी सजा, क्या-क्या दंड मिलेंगे



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना को गंदा करने वाले अब सावधान हो जाएं। ऐसा करने पर अब उन्हें सजा दी जाएगी। दरअसल पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों में स्वच्छता अदालत लगाई जाएगी। वार्ड पार्षदों और नगर निगम के कर्मियों की उपस्थिती में वार्ड के गली-मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ यह अदालत बैठेगी। इस दौरान दोषी पाये जाने वाले नगर शत्रुओं पर कार्रवाई होगी। प्रत्येक शनिवार को यह अदालत शहर के वार्डों में लगायी जाएगी। वार्ड पार्षद के नेतृत्व में इसका आयोजन होगा। साथ ही वार्ड की समस्याओं का निराकरण वार्ड में ही त्वरित गति से किया जाएगा। इस अदालत में नगर निगम के कर्मचारियों के साथ कार्यपालक पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में पटना नगर निगम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के नगर निगम की ओर से नई पहल की जा रही है। पटना नगर निगम द्वारा शहर को गंदा करने वालों को न सिर्फ चिह्नित किया जा रहा है बल्कि अब उनके खिलाफ अदालत भी लगायी जाएगी। इस स्वच्छता अदालत में शहर को गंदा करने वाले नगर शत्रुओं के खिलाफ पटना नगर निगम द्वारा दंड भी लगाया जाएगा। पटना नगर निगम द्वारा निरंतर आमजनों को जागरूक करने के बावजूद कई जगहों पर ऐसा पाया गया है कि लोगों (प्रतिष्ठान एवं संस्थान) द्वारा पुन गंदगी फैलाई जाती है। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा अदालत लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता अदालत में चार तरह के दिए जाएंगे दंड पटना नगर निगम की ओर से शहर में गंदगी फैलाने वालों को मुख्य रूप से चार प्रकार के दंड दिए जाएंगे। सर्वप्रथम उनका नाम काली सूची में प्रकाशित किया जाएगा। स्वच्छता अदालत में सुनवाई होगी। दोषी पाए जाने पर आर्थिक दंड के रूप में 5000 रुपये तक का जुर्माना लगेगा। वहीं उनसे ही उस जगह की सफाई कराई जाएगी जहां गंदगी फैलाई गई है। वहीं धारा 133 के तहत वाद चलेगा और एक हफ्ते तक सूखा गीला कचरा अलग-अलग कर देना होगा। समस्या एवं सुझाव के लिए टोल फ्री नबंर 155304 एवं वाट्सअप 9264447449 पर मैसेज करने की नगर निगम ने अपील की है।

### स्वच्छता अदालत से ये दंड दिए जाएंगे

आर्थिक दंड के रूप में 5000 रुपये तक जुर्माना

दोषियों द्वारा स्थल पर सफाई अभियान चलवाना

धारा 133 के तहत गंदगी फैलानेवाले पर वाद चलेगा

एक हफ्ते तक सूखा-गीला सेग्रीगेशन कर देने का निर्देश

## कैमूर में 24 नामजद-150 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की




**कैमूर, एजेंसी।** कैमूर के कुदरा शहर में मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के दौरान रविवार की शाम जुलूस निकाला गया था। इसके के बाद अगले दिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। जिसमें विशेष धर्म समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी की गई। कुदरा पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए 24 नामजद और 150 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। विसर्जन जुलूस में शामिल रहे डीजे को जब्त कर लिया। प्राथमिकी थाने में दर्ज होने के बाद कुदरा के लोगों में काफी असंतोष देखा गया। शहर वासियों का कहना है कि वीडियो एडिटेड है।

इसकी निष्पक्ष तरीके से जांच के बाद ही कार्रवाई होनी चाहिए। जो लोग यहां पर नहीं थे उनके ऊपर भी इस कांड में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। प्रमोद कुमार सिंह ने बताया रविवार की शाम 7:45 बजे कूदरा रेलवे स्टेशन का जुलूस शासन और प्रशासन के उपस्थिति में निकाला गया था। मोहनिया एसडीएम राकेश कुमार सिंह और डीएसपी प्रदीप कुमार के साथ काफी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी थी। उसमें जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। सभी ने बधाई दिया।

### वीडियो पूरी तरह से एडिटेड

अगले ही दिन आपत्तिजनक वीडियो वायरल बता प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जो गलत है। अगर आपत्तिजनक नारेबाजी जुलूस में हुई होती है, तो प्रशासन ने उसी समय कार्रवाई क्यों नहीं किया। वीडियो पूरी तरह से एडिटेड है। उस समय किसी ने आपत्ति नहीं दिखाई और बाद में प्राथमिकी दर्ज की गई। निष्पक्ष तरीके से जांच होनी चाहिए।

पूजा समिति के पूर्व सदस्य संजय कुमार पांडे ने बताया मेरे साले की लड़की का एंगेजमेंट था। जिसको लेकर मैं 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक वाराणसी में मौजूद था और जिस दिन की घटना रविवार 13 अक्टूबर की बताई जा रही है। मैं उस समय काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा करने गया था। वहां का सीसीटीवी कैमरा भी रिकॉर्ड में होगा, उसका जांच कराया जाए, तो मेरे ऊपर प्राथमिकी किस आधार पर की गई और वीडियो भी एडिट किया हुआ लग रहा है। पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच होनी चाहिए। प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी।

## अखंड सौभाग्य का व्रत करवा चौथ 20 को, पति के भाग्योदय का महासंयोग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अखंड सौभाग्य का व्रत करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के दीर्घायु और सुखी जीवन के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। करवा चौथ पर ग्रहों का महायोग है। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रभात मिश्र ने बताया कि शनि कुम्भ राशि में, गुरु वृष राशि में और शुक्र वृश्चिक राशि में हैं। तीनों ग्रहों के शुभ प्रभाव से कई अच्छे संयोग बन रहे हैं। पति के भाग्योदय होंगे और बिगड़े काम बनेंगे। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक रविवार का दिन होने की वजह से व्रती महिलाओं को गणेश भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होगा। बताया कि इस बार रोहिणी नक्षत्र में चांद निकलेगा और पूजन होगा। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर रविवार की संध्या 07 बजकर 57 मिनट पर चांद निकलने का समय है। वहीं, पूजन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 07:5 से लेकर 08:48 तक रहेगा।

### तैयारी में जुटीं मारवाड़ी व पंजाबी समाज की महिलाएं

करवा चौथ का व्रत यों तो सभी महिलाएं करती हैं मगर मारवाड़ी और पंजाबी समाज की महिलाएं बढ़चढ़कर हिस्सा लेती हैं। पर्व को लेकर इनकी तैयारी जारी है। महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। दोपहर में घर में पूजा करती हैं। मिट्टी की छोटी कुलड़ी में चीनी भरकर पूजा का श्रृंगार सजाती हैं। रात में चलनी में चांद और पति को देखकर जल ग्रहण करती हैं। इस दिन सुहागन घरों में पूजा में भोग लगाने के लिए तरह-तरह के व्यंजन तैयार करती हैं।

# बालू समेत सभी खनिजों के खनन में गड़बड़ी की तो 10 लाख तक जुर्माना



**पटना, एजेंसी।** राज्य में बालू, गिट्टी समेत अन्य खनिजों के खनन, भंडारण व परिवहन में गड़बड़ी की तो अब भारी जुर्माना वसूला जाएगा। बालू खनन शुरू होने के 12 घंटे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में संशोधित खनिज नियमावली को मंजूरी दी गई। 15 जून से 15 अक्टूबर तक राज्य में बालू खनन पर रोक रहती है। 16 अक्टूबर से बालू खनन शुरू होगा। अब बालू समेत सभी खनिजों का नियम विपरीत अनिबंधित और नॉन कमर्शियल वाहनों से परिवहन एवं भंडारण करने वाले ट्रैक्टर और ट्राली से 1 लाख, छोटे ट्रक से 2.50 लाख, बड़े ट्रक से 8 से 10 लाख रुपए के जुर्माने की वसूली होगी। पढ़ें शासन-प्रशासन भी

### वाहनों में जीपीएस जरूरी, नहीं हुआ तो 1 लाख तक दंड

खनिज ढोने वाली गाड़ियां जीपीएस युक्त होंगी। उनका खास रंग होगा। उन पर तय शब्द लिखा होना अनिवार्य होगा। जीपीएस नहीं होने पर ट्रैक्टर को 20 हजार और अन्य बड़े वाहनों को 1 लाख जुर्माना देना होगा। गीला बालू ढोने पर ट्रैक्टर को 5 हजार और बड़े वाहनों को 25 हजार जुर्माना देना होगा। यही जुर्माना बिना ढके बालू ढोने पर भी देना होगा। बालू घाटों के बंदोबस्तधारी पर खनन स्थल पर जीआईएस मैप/जियो कॉर्डिनेट के साथ सीमांकन नहीं करने पर 5 लाख जुर्माना लगेगा। साइन बोर्ड नहीं लगाने, पानी का छिड़काव नहीं करने, लाइट की व्यवस्था नहीं करने और खनन योजना के अनुसार वृक्षारोपण नहीं करने पर प्रत्येक के लिए 50-50 हजार जुर्माना देना होगा। खनन योजना की सैद्धांतिक मंजूरी के बाद निर्धारित समय में खनन योजना प्रस्तुत न करने पर 7 दिन की देरी के लिए 1 लाख, दो सप्ताह की देरी के लिए 2 लाख और एक माह की देरी पर उच्चतम बोली का 0.5त्न जुर्माना लगेगा।

**वन क्षेत्र की अड़चन दूर; कैमूर, रोहतास के 132 गांवों में अब बिजली पहुंचेगी :** कैमूर और रोहतास जिले के पहाड़ी क्षेत्रों के 177 बसावट (132 गांव) के 21,644 घरों को अब सीधे ग्रिड से बिजली पहुंचेगी। इसके लिए पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना के तहत कैबिनेट ने 117 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन गांवों में वन क्षेत्र की बड़ी अड़चन थी। इसी वजह से अभी तक इन गांवों में सोलर लाइट से प्रकाश की व्यवस्था की गई थी जो बहुत कारगर नहीं थी। अब तार के जरिए सभी गांवों में बिजली पहुंचाई जाएगी।

### जांच अधिकारी 60 हजार में लैपटॉप और 20 हजार में स्मॉर्टफोन खरीदेंगे

देश में नए तीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों में किसी घटना की जांच के लिए इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड रखना अनिवार्य कर दिया गया है। साक्ष्यों के ब्यौरों को भी डिजिटली रिकॉर्ड करना जरूरी है। इसके मद्देनजर सभी आईओ को लैपटॉप और स्मार्टफोन रखना ही होगा। सरकार ने जांच अधिकारियों को 60 हजार में लैपटॉप और 20 हजार में स्मार्टफोन खुद खरीदने की अनुमति दी है। भरपाई सरकार करेगी। इसके लिए 190.63 करोड़ की मंजूर की है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# सबकी सुरक्षा जरूरी

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले और मंदिर से चोरी की खबरों ने एक बार फिर वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के मसले को केंद्र में ला दिया है। भारत ने ठीक ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्ते का एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। पिछले अगस्त महीने में छात्र आंदोलन के बेकाबू होने और फिर सत्ता परिवर्तन का कारण बनने के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की घटनाएं हुईं। तब नई सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने हालांकि इन हमलों को रोके जाने का आह्वान किया, लेकिन यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इन घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उनका यही रुख अब तक बना हुआ है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा देने वाली है। जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। पूरे देश में इस तरह की 35 अप्रिय घटनाएं दर्ज हुई हैं। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ध्यान रहे, बांग्लादेश में सरकार के मुख्य कर्ता-धर्ता मोहम्मद यूनुस शुरुआती अस्थिरता से उबर चुके हैं। सत्ता पर उनकी पकड़ काफी हद तक बन चुकी है। इसका अंदाजा इस बात से भी होता है कि जल्द से जल्द चुनाव का वादा करते हुए सत्ता संभालने वाले यूनुस अब कहने लगे हैं कि सुधार का अजेंडा पूरा होने से पहले चुनाव नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। वक्त आ गया है कि बांग्लादेश की सरकार जहां-तहां हमले करने और ऊलजलूल बयान देने वाले ऐसे तत्वों को काबू करते हुए यह संदेश दे कि वहां हालात सरकार के नियंत्रण में है और अराजकता का राज नहीं है।

## ओबीसी वोटों पर निशाना

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने गुरुवार को जिस तरह से ओबीसी आरक्षण के लिए निर्धारित नॉन क्रीमी लेयर सीमा को लगभग दोगुना करवाने का संकेत दिया, उससे दो बातें बिल्कुल साफ हो गई हैं। एक तो यह कि सत्तारूढ़ एनडीए खेमा हरियाणा में मिली अप्रत्याशित जीत से बने उत्साहपूर्ण माहौल में एक पल भी गंवाए बगैर अपना पूरा ध्यान महाराष्ट्र चुनाव पर लगा चुका है। दूसरी बात यह कि हरियाणा के अनुभव की रोशनी में उसने यहां सबसे बड़ा दांव ओबीसी समुदाय के वोटरों पर लगाने का फैसला किया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ऐन पहले की गई इस घोषणा का हरियाणा में भाजपा को मिली जीत से ही नहीं, वहां अपनाई गई रणनीति से भी सीधा संबंध है। चुनाव से पहले के हालात हरियाणा में भी भाजपा के अनुकूल नहीं थे। वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसी साल जून महीने में ओबीसी समुदायों से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान नॉन-क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने का वादा किया। कई एक्सपर्ट मानते हैं कि इस वादे ने अंदर ही अंदर इस समुदाय के वोटरों पर निर्णायक प्रभाव डाला। महाराष्ट्र की राजनीति के संदर्भ में देखें तो यह फैसला और ज्यादा अहमियत रखता है। यहां मराठा आरक्षण की मांग पिछले कुछ समय से खासी चर्चित रही है। लोकसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार ने मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे के अंदर से ही रिजर्वेशन देने की घोषणा की थी। माना जाता है कि महायुति को इसका खामियाजा ओबीसी वोटरों की नाराजगी के रूप में भुगतना पड़ा। इस लिहाज से महायुति सरकार के ताजा फैसले को लोकसभा चुनावों की गलती को दुरुस्त करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। यह मांग कुछ कोनों से उठाई भी जा रही थी। आठ लाख की मौजूदा सीमा के कारण ओबीसी परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जो इस सीमा से थोड़ा ही ऊपर था, वंचित महसूस कर रहा था। आर्थिक तौर पर सशक्त न होने के बावजूद वह आरक्षण का फायदा नहीं उठा पा रहा था। अगर यह सीमा 15 लाख रुपये सालाना कर दी जाती है, और जैसा कि राज्य सरकार के स्तर पर संकेत दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सफलता का रहस्य

**(बृजनन्दन राजू)**

> *प्रचारक चार बजे अवश्य जग जाता है क्योंकि उसे नित्य प्रभात की शाखा पर प्रवास करना होता है। प्रचारक के नाते जिस क्षेत्र में वह है वहां संघ का काम बढ़े बस यही उसकी अपेक्षा रहती है। प्रचारकों का समय-समय पर स्थान परिवर्तन भी होता रहता है। उनका कार्यक्षेत्र यहां तक कि एक संगठन से दूसरे संगठन में भी भेजा जाता है। जब पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद चरम पर था।*

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष 2025 विजयादशमी का पावन पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ है। हिन्दू संगठन और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उस ध्येय पथ पर संघ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। किसी भी जीवंत संगठन के लिए शताब्दी वर्ष तक की यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। कोई भी संगठन किसी निश्चित उद्देश्य से बनता है और दस,बीस, पचास साल में उसकी महत्ता घट जाती है। जबकि संघ में ऐसा नहीं है। अभी भी संघ बूढ़ा नहीं बल्कि चिरयुवा है। इस सुदीर्घ यात्रा में संघ ने राष्ट्र के नवोत्थान का पथ आलोकित किया है। देशवासियों में देश के प्रति निष्ठा व समर्पण का भाव जगाया है। अब तक की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आरएसएस नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है। नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं। चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती,धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। कुल मिलाकर देखेंगे तो पायेंगे समाजजीवन का ऐसा कोई क्षेत्र अक्षूता नहीं है जिस क्षेत्र में संघ के कार्यकर्ता काम न कर रहे हों। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि ऐसी कौन सी शक्ति या विजन है कि संघ इतना पुराना संगठन होने के बावजूद उसकी शक्ति नित्य-प्रति बढ़ती जा रहै। लोग कहते हैं कि आखिर संघ की सफलता का रहस्य क्या है? यह जानने के लिए संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर गौर करना आवश्यक होगा। डा. हेडगेवार ने राष्ट्र की समस्याओं का आकलन किया और उनके समाधान के सूत्र खोजे। जिसमें प्रमुख कारण था देशभक्ति का अभाव। आपसी संबंधों का अभाव। जागरूकता का अभाव। इसके लिए संघ संस्थापक ने शाखा नामक अभिनव कार्यपद्धति विकसित की। डा. हेडगेवार ने कहा कि हम शाखा के माध्यम से स्वयंसेवक तैयार करेंगे और यही स्वयंसेवक ही आगे चलकर समाज में बदलाव लायेंगे। नित्य प्रति लगने वाली शाखा डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में संघ की स्थापना की। प्रथम संघ की शाखा मोहिते का बाड़ा में शुरू हुई। इसके बाद शाखा का विस्तार होता गया। व्यक्ति निर्माण में शाखा का प्रयोग अद्वितीय अनुपम व अनूठा है। संघ की सफलता का रहस्य शाखा में ही निहित है। अनेकों संगठन संघ की भांति शाखा चलाने की बात करते हैं लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि शाखा चलाने के लिए अनेकों स्थानीय कार्यकर्ता व प्रचारकों की लम्बी श्रंखला का कठोर परिश्रम तथा समय लगता है। इसी त्याग तपस्या का प्रतिफल है शाखा। शाखा के माध्यम से संघ ने व्यक्ति निर्माण करने में सफलता प्राप्त की है। शाखा प्रतिदिन 60 मिनट की ही लगती है। शाखा के कार्यक्रम तय हैं। पूरे एक घंटे का शारीरिक व बौद्धिक कार्यक्रमों का नियोजन है। शाखा का प्रारम्भ व विकिर (समापन) सीटी से होता है। शाखा के कार्यक्रमों से स्वयंसेवकों में विविध गुणों का विकास होता है। देश का कार्य करने के लिए अपना शरीर सशक्त होना चाहिए। इसके लिए व्यायाम आवश्यक है। प्रतिदिन शारीरिक कार्यक्रम होते हैं। शाखा में मुख्य शिक्षक की आज्ञा का पालन सब करते हैं चाहे संघ के सरसंघचालक ही क्यों न हों। मुख्य शिक्षक की आज्ञा होती है अग्रेसर। शाखा में कितनी भी अधिक संख्या क्यों न हो जो स्वयंसेवक अग्रेसर रेखा पर आ गया शेष सब स्वयंसेवक अग्रेसर के पीछे ही खड़े होते हैं,फिर आयु या कद का बंधन नहीं रहता है। उसी तरह संघ में एकसह सम्पत एक आज्ञा होती है। इसका अर्थ होता है एक लाइन में खड़े होना। इसमें भी कोई भी स्वयंसेवक जो पहले आकर खड़ा हुआ उसके बगल में ही सब खड़े होंगे। छोटे बड़े का कोई भेद नहीं। शाखा में आने वाले सभी स्वयंसेवक एक दूसरे को भाई साहब कहकर अभिवादन करते हैं। पांच साल का स्वयंसेवक भी 70 साल के स्वयंसेवक को भाई साहब ही कहता है। स्वयंसेवकों में यह भाव पैदा किया जाता है कि हम सभी भारत माता के पुत्र हैं तो हम सब आपस में भाई-भाई हैं। संघ शाखा के इसी भाव के द्वारा ही नित्य सिद्ध शक्ति खड़ी होती है। डा. हेडगेवार ने नागपुर से बाहर अन्य प्रदेशों में संघ कार्य विस्तार के लिए युवाओं को भेजना शुरू किया। तब से प्रचारक पद्धति शुरू हो गयी। संघ में प्रचारक ऋषि परम्परा के समान साधक माने जाते हैं। संघ के स्वयंसेवक प्रचारकों को अपना आदर्श मानते हैं। संघ कार्य की मुख्य धुरी प्रचारक ही होते हैं। इन प्रचारकों के भोजन जलपान इत्यादि की चिंता स्वयंसेवक ही करते हैं। प्रचारक पूरा समय देकर संघ का कार्य करता है। प्रचारक हिन्दू-हिन्दू भाई का केवल गीत नहीं गाते हैं उसे जीवन में उतारते हैं। रज्जू भैया,अशोक सिंघल जैसे अनेकानेक युवा जो प्रचारक निकले क्षमता प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी। पर सब कुछ संघ में रहकर भारत मां के चरणों में समर्पित कर दिया। बड़ी संख्या में निकले इन प्रचारकों के कारण ही संघ का काम तेजी से बढ़ा है।

# संघ शताब्दी वर्ष में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का स्मरण

**(प्रवीण गुगनानी)**

हेडगेवार जी के विषय में कहते, लिखते, सोचते समय अपनी दृष्टि को संघ केन्द्रित कर लेते हैं। 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' को ही उनके राष्ट्रीय शिल्प का मानक या केंद्र माना जाता है जो कि एक अधूरी, अपूर्ण व मिथ्या अवधारणा है। आ सिंधु-सिंधु पर्यन्ता, यस्य भारत भूमिका। पितृभू-पुण्यभू भुश्चेव सा वै हिंदू रीति स्मृता ।। इस श्लोक के अनुसार 'भारत के वह सभी लोग हिंदू हैं जो इस देश को पितृभूमि-पुण्यभूमि मानते हैं' वीर दामोदर सावरकर के इस दर्शन को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मूलाधार बनाकर संघ का संगठन, संस्थापना करने वाले डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का प्रथम श्रेणी में डाक्टरी की परीक्षा को पास करना और उसके बाद चिकित्सा के पेशे से सर्वथा भिन्न समाज व राष्ट्र सेवा में आजीवन अविवाहित रहकर आकंठ डूब जाना एक गहन जिज्ञासा का विषय है। केशव बलिराम हेडगेवार जी को हम यदि पूर्ण रूप से अपनी कल्पना में पिरोने का कार्य करें तो यह कार्य तनिक दुष्कर ही होगा। यह कार्य दुष्कर इसलिए होगा क्योंकि अधिकतर विचारक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का प्रथम श्रेणी में डाक्टरी की परीक्षा को पास करना और उसके बाद चिकित्सा के पेशे से सर्वथा भिन्न समाज व राष्ट्र सेवा में आजीवन अविवाहित रहकर आकंठ डूब जाना एक गहन जिज्ञासा का विषय है। हेडगेवार जी के विषय में कहते, लिखते, सोचते समय अपनी दृष्टि को संघ केन्द्रित कर लेते हैं। 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' को ही उनके राष्ट्रीय शिल्प का मानक या केंद्र माना जाता है जो कि एक अधूरी, अपूर्ण व मिथ्या अवधारणा है। वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उनके विशाल, महत्वाकांक्षी व विस्तृत वितान वाले 'भारत एक विश्व गुरु' व 'परम वैभवमयी भारत माता' के लक्ष्य का एक पाथेय भर है। वस्तुतः डॉ. हेडगेवार जी का समूचा जीवनचरित्र एक व्यापक एवं गहन अनुसंधान के साथ साथ सहज चिंतन व चर्चा का भी विषय है। उनके जीवन के विभिन्न गुणात्मक भाग गंभीर अध्येताओं व समाज शास्त्रियों हेतु हमेशा ही एक खोज का विषय बने रह सकते हैं। संक्षेप में यह कि लोग विचारते हैं कि संघ ही डॉ. हेडगेवार का जीवन लक्ष्य था जबकि सत्य यह है कि संघ को डॉ. साहब ने केवल अपना माध्यम बनाया था; उनका मूल लक्ष्य तो स्वर्णिम भारत, भारत माता की परम वैभव शिखर पर स्थापना व हिंदूत्व ध्वजा को विश्व भर में फहराना ही था; जो कि आज संघ का परम लक्ष्य है। यहां यह भी कहा जा सकता है कि डॉ. हेडगेवार जी ने स्वयं को तो संघ के रूप में संपूर्णतः व्यक्त कर दिया था किंतु संघ की संघटना, विचार शक्ति, योजना, कार्यशक्ति, कल्पना शक्ति, संवेदनशीलता को उन्होंने इस प्रकार शिल्प किया था कि संघ कभी भी, किसी भी काल में, किसी भी परिस्थिति में संपूर्णतः व्यक्त हो ही नहीं सकता है!! डाक्टर साहब के संघ को सदैव स्वयं अव्यक्त रहकर समाज को अभिव्यक्त करना आता है। संघ को स्वयं कुछ भी न करके सब कुछ कर देने का दिव्य अकर्ता भाव धारण करना आता है। संघ को सर्वदर्शी होकर कहीं भी न दिखने की दिव्य दृष्टि से परिपूर्ण डॉ. साहब ने ही किया है। संघ का यही निर्लिप्त भाव डॉ. हेडगेवार जी की सबसे बड़ी सफलता नहीं बल्कि उनकी अलौकिक उपलब्धि है। संघ का यही स्वरूप डाक्टर हेडगेवार जी को संघ से इतर ले जाकर एक संगठन शास्त्री ही नहीं अपितु एक ऐसे समाज शास्त्री के स्थान पर बैठाता है जिसमें समाज की दृष्टि राष्ट्र केन्द्रित होती है। यही कारण हैं कि आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व इसके देवतुल्य प्रचारक और इसके कार्यकर्ता भारत देश व इसके देशज समाज हेतु अमूल्य निधि हो गए हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज सम्पूर्ण विश्व हेतु कौतुहल व जिज्ञासा के साथ साथ श्रद्धा विषय हो गया है। विश्व के समस्त संगठन विज्ञानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इस विचित्र किंतु सत्य संगठन के अंतर्तत्व, मर्म व गुंठन-अवगुंठन को समझना चाहते हैं। किंतु, यह भी सत्य है कि संघ बड़े बड़े ज्ञानियों के समझ नहीं आता है और जब यही महाज्ञानी अपने भोलेपन व कुछ न जानने के बालपन के भाव से संघ की शाखा में जाते हैं तो संघ को सहजता से संपूर्णतः जान लेते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5524

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5523

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

## वर्ग पहेली 5524

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| 10 | | 11 | | ■ | 12 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | | ■ | 20 | | | | ■ |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. मुगल सम्राट अकबर का जन्म 15 अक्टूबर 1542 को यहां के राणा वीरसाला के महल में हुआ था (5)
5. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
7. निंदनीय, अहंकार, नशा (3)
8. देवमंदिर, खुदा का घर (5)
10. झंकृत होना (4)
12. पुराणानुसार सुषेण की कन्या और बाली की पत्नी का नाम (2)
13. विश्वामित्र की पिता और कुशिक राजा के पुत्र का नाम (2)
15. वे प्राणी जो पृथ्वी पर विचरित होते हों (4)
18. देश व राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
20. अभ्यास, योग्यता, कार्यक्षमता (4)
21. हंसी, उपहास, विनोद (3)
22. पैगंबर, ईशदूत, रसूल (2)
24. योगी, ब्रह्मचारी, संयासी (2)
25. प्राचीन भारत का प्रसिद्ध ज्ञानकेंद्र (3)

**ऊपर से नीचे**
1. कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से सात दिनों के पैदल मार्ग पर हिंदुओं का एक तीर्थ स्थान जहां बर्फ के शिवलिंग के दर्शन होते है (5)
2. मनोज, कामदेव, आलिंगन का एक भेद (3)
3. अपशब्द करहना, बुरा-भला कहना (3)
4. मंदिर में घंटा बजने का शब्द, एक अंग्रेजी तोल जो 29 मन के बराबर होती है (2)
5. पश्चिम अफ्रीका के दश घाना की यह राजधानी है (3)
6. पिता का पिता यह कहलाता है (2)
9. वोदे देने की पात्रता (5)
11. गंडा-तावीज, अंगत्राण, अंगरक्षी (3)
14. गौरव, दृढ प्रतिज्ञा (2)
16. कमबुद्धि, नासमझ (4)
17. झूमते या इतराते हुए चलना (3)
19. नया, नवीन, नवल (3)
23. जमीन नापने की प्राचीन नाम (2)

### वर्ग पहेली 5523 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ल | का | ता | ■ | मो | सा | द |
| सी | व | न | ■ | ■ | म | ह | ल |
| ■ | ली | न | ■ | को | ■ | स | ह |
| का | न | ■ | वि | रा | ट | ■ | न |
| ल | ■ | सू | र | ज | ■ | श | ■ |
| बे | टा | ■ | ह | वा | म | ह | ल |
| ल | ल | क | ■ | ब | ह | ना | ■ |
| ■ | ना | द | ना | ■ | क | ज | री |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन संतोष और शांति का रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आपको ऑफिस के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। नए अनुबंध होने की संभावना है, जिससे आपकी पदोन्नति होगी और आपके जीवन में मन प्रसन्न रहेगा। रात में कुछ अप्रिय लोगों से मुलाकात हो सकती है, जिससे थोड़ी परेशानी हो सकती है।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और सफलता आपके कदम चूमेगी और आपकी खूब तरक्की होगी। आपके काम से आपके बॉस भी खुश रहेंगे और आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको हर कदम पर उनका साथ मिलेगा। बिजनस से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण हो सकता है।

### कर्क
आज नौकरी में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा। सहकर्मी आपका साथ देंगे। शाम के समय किसी भी झगड़े से बचें। रात में मेहमानों के आगमन के योग हैं और आपकी तरक्की होगी। माता-पिता का ख्याल रखें। धन में वृद्धि होगी और योजनाएं पूरी होंगी। घर में किसी के आने से खुशी होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### सिंह
आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा। कोई न कोई चिंता आपको परेशान करेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होंगी। परिवार के लोगों से लेन-देन न करें, संबंध खराब हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधानी बरतें। कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है, सावधान रहें। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### मिथुन
आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए प्रॉपर्टी खरीदने के योग बन रहे हैं। करियर में तरक्की होगी और मान-समान बढ़ेगा। संतान से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा कर पाएंगे। सारे रुके हुए काम पूरे होंगे। यात्रा सुखद रहेगी। शाम से रात तक दोस्तों से मदद मिलेगी और कोई खुशखबरी मिलेगी।

### कन्या
आज बिना कारण शत्रुता हो सकती है। अपनी बुद्धि से किए गए कार्यों में ही नुकसान हो सकता है। किसी मामले में निराशाजनक समाचार मिल सकता है, जिससे आपका मन दुखी हो सकता है। अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े से बचें। किसी से भी लेन-देन न करें।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको करियर से जुड़े फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए। नुकसान होने की आशंका है। संतान की शिक्षा में सफलता मिलेगी, जिससे आपको खुशी होगी। कोई कीमती वस्तु खोने या चोरी होने का डर सता सकता है। शाम को कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। रात में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपको खुशी होगी और पैसों की आवक से मन प्रसन्न होगा।

### वृश्चिक
आज दिन लाभदायक रहेगा। कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मीठा बोलने से आपको फायदा होगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। बिजनस में सफलता मिलेगी। ज्यादा भागदौड़ करने से आपकी सेहत खराब हो सकती है। कुछ वक्त आराम करें तो आपको लाभ होगा। विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे और न ही आपको नुकसान पहुंचा पाएंगे। आपके लिए लाभ और तरक्की के संयोग बने हैं।

### मकर
आज लाभ होगा और आनंद में वृद्धि होगी। आपके आस-पास का माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। काफी दिनों से चली आ रही आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। विरोधियों का अंत होगा। यात्रा का कार्यक्रम स्थगित हो सकता है। आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज लाभ होगा और करियर में भाग्य का साथ मिलेगा। सरकार और सत्ता पक्ष से लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। शाम से रात तक सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। धन में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। आपके परिवार में सुख समृद्धि के योग बनेंगे और आपको ऑफिस के लोगों से प्रशंसा प्राप्त होगी। कुछ वक्त आराम करें तो आपको लाभ होगा।

### धनु
आज लाभ होगा और नौकरी में चल रहे प्रयास सफल होंगे। आपको अपार सफलता मिलेगी और आपको संतान पक्ष के लोगों से काफी संतोषजनक समाचार प्राप्त होगा। दोपहर बाद किसी कानूनी मामले में जीत मिल सकती है। शुभ खर्च और यश में वृद्धि होगी। धन में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होगी और कानूनी मामलों में सफलता मिलने से मन खुश होगा।

### मीन
आज दिन लाभदायक रहेगा। आर्थिक मामलों में रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और हर काम में भाग्य आपका साथ देगा। बिजनस में लाभ होगा और धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। आपकी किस्मत साथ देगी और सारी योजनाएं सफल होंगी। आपका भाग्य साथ देगा और मन काफी प्रसन्न होगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने पर युवक को 10 साल की सजा, 50 हजार जुर्माना

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ के थाना जवां क्षेत्र में किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में युवक को दोषी करार देते हुए अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है। एडीजे पॉक्सो प्रथम राजीव शुक्ल की अदालत ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इसमें से 25 हजार रुपये पीड़िता के पिता को बतौर प्रतिकर देने के लिए कहा है।

विशेष लोक अभियोजक ललित सिंह पुंढीर ने बताया कि 25 मार्च 2017 को थाना जवां क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी के पिता ने तहरीर देकर बताया कि वह मजदूरी करने गए थे। पत्नी प्राइमरी स्कूल में खाना बनाने गई थी। दोपहर में मडराक निवासी चंद्रा उर्फ चंद्रपाल घर पर आया और बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया।

पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर लिया। किशोरी ने बयानों में दुष्कर्म की बात बताई। इसके बाद दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए मामले में चार्जशीट दाखिल की गई। सत्र परीक्षण, साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर अदालत ने चंद्रा को दोषी मानते हुए 10 साल की सजा सुनाई है।

### जिसे समझा दरोगा, उसने फ्लैट में ले जाकर की ऐसी करतूत, महिला के उड़ गए होश

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में फर्जी दरोगा ने महिला को अपार्टमेंट में बंधक बनाकर जेवर और नकदी छीन ली। आरोप है कि उसने दुपट्टे से महिला का गला कसने की कोशिश भी की। पीड़ित महिला ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सुभाषनगर क्षेत्र निवासी महिला के मुताबिक 28 अगस्त को उसकी मुलाकात बदायूं जिले के कुंवरगांव निवासी शेखर शर्मा उर्फ गोलू से हुई थी। शेखर ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। वह खुद को पुलिस में दरोगा बताता था। एक दिन शेखर नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसे पराग मिल्क फैक्टरी के पास एक अपार्टमेंट के फ्लैट में ले गया। वहां बंधक बनाकर उससे सोने-चांदी के जेवर, 85 हजार रुपये की नकदी छीन ली।

डेबिट कार्ड का पिन भी जबरन पूछ लिया। दुपट्टे से गला कसकर उसकी जान लेने की कोशिश की। बेहोश होने पर शेखर वहां से फरार हो गया। महिला ने आरोप लगाया कि शेखर नकली दरोगा बनकर व्यापारियों से वसूली भी करता है। होश आने पर महिला अपनी मां के पास पहुंची।

### छेड़खानी की बात बताते हुए फफक पड़ी छात्रा

**अलीगढ़ , एजेंसी।** आठवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ स्कूल और ट्यूशन पढ़ने के लिए जाते समय रास्ते में एक युवक कई माह से छेड़खानी कर रहा है। अश्लील फब्तियां कस रहा है। यह बताते हुए छात्रा थाने में फफक-फफककर रोने लगी।

उसके पिता ने तहरीर दी। एसएचओ विपिन कुमार ने आश्वस्त किया कि आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बेटी के साथ थाने पहुंचे पिता ने बताया कि उक्त युवक के घर पर शिकायत भी की। इसके बावजूद वह अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। इससे डरी-सहमी बेटी ने मंगलवार को स्कूल जाने से मना कर दिया।

### विवाहिता की हत्या में पति-ससुर गिरफ्तार

**अलीगढ़ , एजेंसी।** 13 अक्तूबर को गांव अकराबत में विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पति और ससुर को दबोचा है। दोनों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। गांव निवासी आलोक की पत्नी रेखा की 13 अक्तूबर को ससुराल में फंदे पर लटकने से मौत हुई थी। उसके पिता मुनेशपाल सिंह निवासी गांव कसूमी थाना पहासू जिला बुलंदशहर ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को थाना पुलिस ने आरोपी पति आलोक और ससुर राकेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सास पूनम और तहेरा ससुर ओमप्रकाश फरार है।

### अनशन पर महंत, बोले- जब तक चोर पकड़ा नहीं जाता अन्न जल ग्रहण नहीं करेंगे

**आगरा , एजेंसी।** ताजनगरी आगरा के नगला बूढ़ी स्थित आनंदी भैरव मंदिर में महंत योगी निवृताई का अनशन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। उन्होंने आरोप है कि घटना के बाद से पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। वह अपने स्तर से चोर का पता कर रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर का सुराग लगाया जा रहा है।

मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के दौरान 10 अक्तूबर को भागवताचार्य की मंडली में शामिल होकर एक युवक चोरी कर ले गया था। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। चोर अब तक नहीं पकड़ा गया है। इस पर महंत योगी निवृताई ने सोमवार को अन्न जल का त्याग कर दिया। उनका कहना है कि जब तक चोर नहीं पकड़ा जाता, वह अन्न जल ग्रहण नहीं करेंगे।

मंगलवार को उनसे मिलने कोई पुलिस प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। महंत का कहना है कि वह मामले को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के प्रयास में लगे हैं।

# पार्टियों ने शुरू कीं तैयारियां, टिकट घोषित करने में सपा सबसे आगे



**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव का कार्यक्रम जारी होने के साथ ही चुनावी जंग में कूदने वाले सभी सियासी दलों में हलचल तेज हो गई है। हालांकि चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी थी जबकि इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर असमंजस से कांग्रेस दोराहे पर खड़ी दिख रही है। सपा तो पांच सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर चुकी है।

### यूपी की नौ सीटों पर उपचुनाव

यूपी में विधानसभा की 10 में से नौ सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर अभी उपचुनाव नहीं होगा। नौ सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### इन सीटों पर होने हैं उपचुनाव

यूपी में करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर), मिल्कीपुर (अयोध्या), कटेहरी (अंबेडकरनगर), कुंदरकी (मुरादाबाद), खैर (अलीगढ़), गाजियाबाद, फूलपुर (प्रयागराज), मझवा (मिर्जापुर) और मीरापुर (मुजफ्फरनगर) पर उपचुनाव होने हैं। सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है जबकि 9 विधायक, लोकसभा सदस्य बन चुके हैं।

### भाजपा: पार्टी व संगठन तैयार, प्रत्याशी का इंतजार

विधानसभा उप चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही भाजपा अगले चरण की चुनावी तैयारी में जुट गई है। सरकार और संगठन ने पहले चरण की तैयारी काफी पहले पूरी कर चुकी है । पार्टी की तैयारियों के लिहाज से देखा जाए तो सरकार और संगठन ने मिलकर प्रदेश की सभी 10 सीटों पर राजोगार मेला, जनसभा, बूथ प्रबंधन समेत सभी तैयारियों क पूरी कर चुकी है।

प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में हैं। प्रदेश संगठन की ओर से हर सीट के लिए तीन-तीन नाम का पैनल केन्द्रीय नेतृत्व को भेजा जा चुका है। संभावना है कि जल्द ही केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक होने वाली है। इसलिए माना जा रहा है कि एक-दो दिन में भाजपा भी प्रत्याशियों की सूची जारी कर देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद उप चुनाव की जिम्मेदारी खुद के कंधों पर ले रखी है और उन्होंने अब तक सभी 10 सीटों पर दो से चार बार चक्कर लगा चुके हैं।

अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक करके फीडबैक ले चुके हैं। बूथ तक के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके चुनावी रणनीति पर चर्चा करने के साथ ही सीएम जिला, तहसील और ब्लाक स्तरीय संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। यहीं नहीं करीब एक महीने पहले ही सीएम ने सरकार के 30 मंत्रियों की टीम बनाकर मैदान में उतार चुके हैं।हर सीट की तीन-तीन मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सीएम, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने भी दो-दो सीटों का प्रभार ले रखा है ।

### बसपा बना चुकी है प्रभारी, तैयारियां जोरों पर

बहुजन समाज पार्टी बीते तीन माह से उपचुनाव की तैयारियों में जुटी है। पार्टी ने सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं, जिन्हें अब उपचुनाव की तारीख की घोषणा के बाद प्रत्याशी बना दिया जाएगा। बता दें कि बसपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान 5 सीटों पर हुए उपचुनाव में भी अपने प्रत्याशी उतारे थे। अपने अस्तित्व को बचाने को जूझ रही बसपा आगामी उपचुनाव में पूरी दमदारी के साथ उतरने जा रही है ताकि उसके हिस्से में भी कुछ सीटें आ सकें।

### मिल्कीपुर समेत छह सीटों पर सपा घोषित कर चुकी है प्रत्याशी

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी सबसे पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी मिल्कीपुर समेत छह सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार चुकी हैं, हालांकि फिलहाल मिल्कीपुर का चुनाव टल गया है। यदि कांग्रेस से सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बनी तो सपा बाकी चार सीटों पर भी अपने प्रत्याशी घोषित कर सकती है। हालांकि कांग्रेस को दो सीट देने पर बातचीत का दौर जारी है। बता दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सांसद बनने के बाद रिक्त हुई मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को प्रत्याशी घोषित किया है। इसी तरह सीसामऊ सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी की सदस्यता समाप्त होने की वजह से रिक्त हुई सीट पर उनकी पत्नी नसीम सोलंकी को टिकट दिया है। इसके अलावा फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मझवां सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया है।

### गठबंधन कायम रखते हुए बची सीटों पर लगी कांग्रेस की निगाह

प्रदेश की नौ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में पांच सीटों पर सपा उम्मीदवार उतार चुकी है। अब कांग्रेस गठबंधन धर्म निभाने की दुहाई देते हुए बची चार सीटों पर निगाह लगाए हुए हैं। उसे उम्मीद है कि कम से कम दो सीटें उसे मिल सकती है। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने मझवां, फूलपुर, गाजियाबाद, खैर, कुंदरकी और मीरापुर सीट पर दावा किया था। सपा ने मझवां, फूलपुर सहित पांच सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। ऐसे में अब कांग्रेस गठबंधन धर्म निभाने की दुहाई दे रही है। साथ ही बाकी बची चार सीटों में से कुछ सीटों मिलने की बात कह रही है। कांग्रेस को उम्मीद है कि उसे कम से कम दो सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि उन्होंने पांच सीटों पर प्रस्ताव भेजा था। अभी चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है। कुछ सीटें उन्हें जरूर मिलेंगी। हालांकि वह कहते हैं कि भाजपा के शासन से प्रदेशवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए सपा के साथ गठबंधन जरूरी है। कांग्रेस गठबंधन धर्म निभाते हुए निरंतर भाजपा के खिलाफ संघर्ष करेगी।



## अल्ट्राटेक लिखी बोरियों में भरकर बेचा जा रहा था नकली सीमेंट, दो दुकानें सील, जांच शुरू

**पीलीभीत, एजेंसी।** पीलीभीत में बिलगांव रोड पर स्थित गिरिराज इंडस्ट्रीज पर जिला प्रशासन की टीम ने मंगलवार रात छापा मारा। टीम ने मौके से नकली सीमेंट की 50 बोरियां और 97 खाली बोरियों बरामद की हैं। इन बोरियों पर अल्ट्राटेक लिखा था। प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकान स्वामी की दोनों दुकानों को सील किया है। जानकारी के मुताबिक बिलगांव रोड पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप गिरिराज इंडस्ट्रीज पर एसडीएम सदर महिपाल सिंह, नायब तहसीलदार पारुतोष द्विवेदी, बांट माप अधिकारी लक्ष्मीकांत सहित जीएसटी और सेल टैक्स टीम ने मंगलवार की रात छापा मारा। टीम ने दुकान से डालमिया और सम्राट कंपनी के सीमेंट की 1200 बोरियां छापे के दौरान बरामद की। यह सीमेंट 2023 में रिजेक्ट किया जा चुका था।

## मोबाइल छीनकर भाग रहे लुटेरे से भिड़ी बैंक अधिकारी, रास्ता रोका... फिर बैग फेंककर मारा

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार रात को स्कूटी सवार लुटेरे ने निजी बैंक की सहायक मैनेजर से मोबाइल लूट लिया। लुटेरे को पकड़ने के लिए दिव्या ने साहस दिखाया। उसका रास्ता रोक लिया। उसके बैग भी जोर से मारा, हालांकि वह मोबाइल लूटकर भागने में सफल रहा। कालोनी के अंदर हुई घटना से लोगों में आक्रोश है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकलवाए। इसमें आरोपी कैद हो गया है। पुलिस टीम लगी है। घटना ताजगंज स्थित गेट बंद कालोनी प्रतीक एन्क्लेव की है। यहां ताजनगरी फेज-1 निवासी अधिवक्ता दयाशंकर की पुत्री दिव्या यादव संजय प्लेस स्थित एक निजी बैंक की शाखा में कार्यरत हैं। मंगलवार रात तकरीबन 8:40 बजे वह डयूटी के बादघर आई थीं। वह कालोनी के अंदर गाड़ी खड़ी करने के बाद घर जा रही थी। कालोनी में चौकीदार नहीं रहता है। तभी स्कूटी सवार एक बदमाश आया।

## नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत, घरवालों ने काटा हंगामा; एसीएमओ ने किया सील



**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार को एक नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत हो गई। घटना के बाद घरवालों ने हंगामा कर दिया। सूचना पर एसीएमओ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली। इसके बाद नर्सिंग होम को सील कर दिया। नवजात को सीएचसी में भर्ती कराया। चित्राहाट के रानीपुरा गांव निवासी हरिओम की पत्नी को कोमल कुमारी (22) का पहला प्रसव था। सुबह एक आशा प्रसव के लिए उन्हें जरार स्थित ज्योति नर्सिंग होम लेकर पहुंची। हरिओम ने बताया कि पैथोलॉजी जांच में कोमल को सात पॉइंट खून बताया था। अस्पताल संचालक के सामने उन्होंने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया था। बताया कि संचालक ने 12 हजार रुपये फीस बताकर कोमल को भर्ती कर लिया। सामान्य प्रसव की गारंटी ली। बाद में खून चढ़ाने का भरोसा दिया था। लेकिन, शाम को प्रसव के बाद कोमल की हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में उसकी जान चली गई। इसके बाद जरार पुलिस चौकी पर शव लेकर पहुंचे। प्रसूता की मौत की सूचना पर एसीएमओ डॉ जितेंद्र लवानिया पहुंच गए। अस्पताल में कोई स्टॉफ नहीं मिला। प्रसव कक्ष में इंजेक्शन आदि उपकरण रखे थे। उन्होंने नवजात को एंबुलेंस से बाह सीएचसी पहुंचाया। इसी दौरान शव लेकर अस्पताल का एक स्टाफ पहुंच गया। टीम ने मृतका के परिजन के बयान दर्ज किए। परिवार के लोगों ने कठोर कार्रवाई की मांग की। लेकिन, शव का पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं हुए। एसीएमओ ने बताया कि ज्योति नर्सिंग होम को सील कर दिया है।

## 30 फीट गहरे गड्ढे में गिरी निर्माण कार्य में लगी जेसीबी, दो कर्मी घायल... अस्पताल में कराए गए भर्ती



**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बुधवार को हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां धांधूपुरा एसटीपी का निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान जल निगम ग्रामीण की लापरवाही देखी गई। लापरवाही से निर्माण कार्य में लगी एक जेसीबी 30 फीट गहरे संपवेल के गड्ढे में गिर गई। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। संपवेल में काम कर रहे कर्मी घायल हो गए। दो कर्मियों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल भेजा गया। बताते चलें कि इस एसटीपी का निर्माण नमामि गंगे के तहत किया जा रहा है। इसका निर्माण विश्वराज एनवायरनमेंट कंपनी कर रही है।

## महिला और बाल अपराध पर कसेगा शिकंजा, जिले में लागू होगी जनपदीय पुलिस बीट प्रणाली

**बरेली , एजेंसी।** बरेली जिले में बीट प्रणाली को एकीकृत व व्यवस्थित करने के लिए जनपदीय पुलिस बीट प्रणाली को लागू किया जाएगा। हर बीट को एक विशिष्ट संख्या, जनपदीय पुलिस बीट क्रमांक एवं महिला बीट को विशिष्ठ संख्या बीट क्रमांक आवंटित किया गया है। इसका उद्देश्य महिलाओं व बाल अपराध पर शिकंजा कसना है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पूरे जिले को थानावार 826 पुरुष बीट और 244 महिला बीट में बांटा गया है। हर महिला बीट में तीन से चार औसतन सामान्य बीट हैं। दोनों तरह की बीट के कर्मचारियों के लिए अलग-अलग तरह की बीट बुक का प्रकाशन कराया गया है।

**महिला बीट के होंगे ये कार्य :** हर जनपदीय बीट में एक पुरुष आरक्षी/मुख्य आरक्षी को रखा जाएगा। एक लिंक बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षी को रखा जाएगा। हर महिला बीट में दो महिला आरक्षियों को रखा जाएगा। महिला बीट के कार्य में महिला व बच्चों संबंधी मुद्दों, अपराध एवं जागरूकता पर फोकस रहेगा। बीट के सभी पुलिसकर्मियों के लिए शनिवार दो बजे से लेकर रविवार शाम छह बजे तक अपनी बीट में रहना, सूचना एकत्र करना, जनसंपर्क बनाना एवं अन्य बीट संबंधी कार्य करना अनिवार्य होगा। एसएसपी ने बताया कि एक नवंबर से इस प्रणाली को जिले में पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

## अफसर नहीं दे रहे ध्यान, ब्लैक स्पॉट ने ली पांच लोगों की जान, एलिवेटेड रोड पर हादसों की यह है वजह

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में सुगम व सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कई विभागों का एक राय न होने का खामियाजा राहगीरों को जान देकर चुकाना पड़ रहा है। सोमवार सुबह हादसे में जिस जगह पर पांच लोगों की जान गई है, वह एनएच-19 पर पड़ने वाला भौंती बाईपास का ब्लैक स्पॉट है। इसके अलावा सचेंडी से लेकर महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित ब्रह्म देव मंदिर तक 20 ब्लैक स्पॉट हैं। वहीं पांच ब्लैक स्पॉट और चिन्हित किए गए हैं। इसके बाद भी इन स्थानों पर न तो एनएचएआई काम कर रहा है और न ही पीडब्ल्यूडी।



**क्या होता है ब्लैक स्पॉट:** जिस स्थान पर साल में एक से अधिक दुर्घटनाएं होती हैं अथवा 10 लोगों की जान जाती है, तो उस स्थान के 500 मीटर के एरिया को ब्लैक स्पॉट घोषित किया जाता है। ऐसे स्थान पर पीडब्ल्यूडी की ओर से 700 मीटर पहले गति सीमा का बोर्ड, चेतावनी बोर्ड स्पीड व टेबल टॉप ब्रेकर बनाया जाता है। सोमवार को जहां घटना हुई उस स्थान पर ऐसा कोई संकेतक नहीं लगाया गया है।

## एक साल में मिसाल बना गौरी से रोहन-संतोष का प्यार, जन्मदिन भी धूमधाम से मनाने की है तैयारी

**कानपुर , एजेंसी।** गौरी...गौरी... आवाज देने पर वो दौड़ी चली आती है। वह बुधवार को एक वर्ष की हो जाएगी। अब वह रोहन और संतोष की आवाज भी वह पहचानने लगी है। हां यदा कदा कोई और उसके आसपास फटकता है तो वो नाराज सी हो जाती है और धक्का देकर गिराने की कोशिश करती है। रोहन और संतोष भी उसे बिलकुल बच्चे जैसा प्यार देते हैं। हम बात कर रहे हैं चिड़ियाघर में एक वर्ष पहले जन्मी मादा गैंडा गौरी की। रोहन और संतोष उसके कीपर हैं। बुधवार को चिड़ियाघर में उसका जन्मदिन धूमधाम से मनाने की तैयारी हो रही है।



रेंजर नावेद इकराम ने बताया 16 अक्तूबर 2023 को मानू नाम की गैंडा ने उसे जन्म दिया था। जन्म के महज 12 दिन बाद ही मानू की मौत हो गई। ऐसे में कीपर रोहन और संतोष ने उसकी परवरिश की जिम्मेदारी उठाई। सुबह सात बजे से दो बजे तक संतोष ड्यूटी देते हैं।

**इस प्यार की हर कोई मिसाल देता है:** डॉ. अनुराग की टीम भी उसपर नजर रखती है। गौरी दूध के साथ-साथ अब बाड़े में उगी घास खाने लगी है। रेंजर के मुताबिक उसकी ग्रोथ काफी अच्छी है। बुधवार को केक काटकर उसका जन्मदिन मनाया जाएगा। चिड़ियाघर में दोनों के बीच प्यार की हर कोई मिसाल देता है।

### ढाई क्विंटल की हो गई है गौरी

वहीं, दोपहर से रात नौ बजे तक रोहन पर गौरी की जिम्मेदारी रहती है। जन्म के समय महज 68 किलो की गौरी अब ढाई क्विंटल की हो गई है। दिन में नौ बार उसे दूध दिया जाता है। विशेष बोतल से एक बार में वह डेढ़ लीटर तक दूध पी जाती है।

### डॉ. शमशुल करते हैं मेडिकल चेकअप

असोम से डॉ. शमशुल वीडियो कॉल पर उसका मेडिकल चेकअप करते रहते हैं। डाइट चार्ट में कब बदलाव करना है, इसे वह ही निर्धारित करते हैं। कोई दिक्कत होने पर उसे क्या दवाएं देनी हैं। इसका भी निर्देश वही देते हैं।



# अमर प्रेम की प्रेम कहानी में अभिनय को लेकर बोले आदित्य सील

आदित्य सील की पहचान एक प्रतिभाशाली अभिनेता की है। अमर प्रेम की प्रेम कहानी में उन्होंने अपने शानदार अभिनय से काफी वाहवाही बटोरी है। इस फिल्म में उन्होंने एक साहसिक किरदार निभाया है, जो भावनात्मक रूप से काफी गहन है। हाल में ही न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस फिल्म के लिए अपनी तैयारियों को लेकर बात की है। उन्होंने इस दौरान आने वाली रचनात्मक चुनौतियां और इस जटिल कहानी को पर्दे पर जीवंत करने के लिए की गई तैयारियों को लेकर जानकारियां साझा की हैं।

### विविधतापूर्ण किरदारों से बेहतर हुई आदित्य की अभिनय क्षमता

अभिनेता ने इस बातचीत के दौरान कहा कि अपने करियर में अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं करने से उन्हें अपने अभिनय क्षमता को बेहतर करने में काफी मदद मिली है। अभिनेता ने कहा कि अमर प्रेम की प्रेम कहानी में अभिनय करने के बाद मानवीय भावनाओं को समझने और कहानी कहने की उनकी समझ में व्यापकता आई है। इस फिल्म में आदित्य सील की भूमिका मुख्यधारा के भारतीय सिनेमा में एलजीबीटीक्यू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अभिनेता ने कहा कि कई रूढ़िवादी चित्रणों के विपरीत उनका दृष्टिकोण चरित्र को सामान्य बनाना और प्रेम कहानी को किसी भी अन्य प्रेम संबंध की तरह ही प्रामाणिकता के साथ दर्शकों के सामने लाना था।

अपनी इस भूमिका के लिए अपनी तैयारी पर विचार करते हुए अभिनेता ने बताया, तैयारी पूरी चीज को सामान्य बनाने की कोशिश थी। कई लोग सोच सकते हैं कि इसके लिए समुदाय के कई लोगों से मिलना आवश्यक है, लेकिन मेरे लिए यह आवश्यक नहीं था। मैं पहले से ही एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को जानता था, मैं इसे बस किसी भी अन्य प्रेम कहानी की तरह देखना चाहता था, जहां दो व्यक्ति प्यार में हैं बस। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्होंने किसी खास तरीके के कपड़े पहनने या अलग दिखने की कोशिश नहीं की, जिससे इस समुदाय को लेकर पूर्वधारणाओं को बल मिल सके।

सनी सिंह के साथ रोमांटिक लीड की भूमिका में नजर आए आदित्य ने अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर भी अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि दोनों को एक-दूसरे के साथ और भूमिका के साथ सहज होने में एक-दो दिन लग गए। उन्होंने आगे कहा कि एक बार जब हमने झिझक की दीवार गिरा दी, तो लिंग वाला पहलू फीका पड़ गया, जिसके बाद ये सिर्फ दो दोस्तों के ऊपर रह गया, जो केमिस्ट्री बनाने के लिए एक साथ काम कर रहे थे। अभिनेता ने बताया कि उनकी और सनी सिंह की दोस्ती की वजह से कैमरे के सामने भी दोनों के लिए काम आसान हो गया।



# मैंने कभी नहीं माना कि मैं दुनिया की सबसे सुंदर लड़की हूं, पर मेरे अंदर टैलेंट है

महज 26 साल की उम्र में फिल्म मिशन कश्मीर में ऋतिक रोशन की मां का रोल करना हो या भारत में खुद से बड़े सलमान खान की मां का, सोनाली कुलकर्णी हमेशा ही एक निडर अदाकारा रही हैं। अपने किरदारों के साथ प्रयोग करने वाली सोनाली इन दिनों वेब सीरीज मानवत मर्डर्स को लेकर अपने नेगेटिव किरदार के लिए चर्चा में हैं। पेश है उनसे यह खास बातचीत –

**आप हमेशा एक निडर अभिनेत्री रही हैं। यह निडरता कहां से लाती हैं?**

मुझे यह शक्ति मेरे दर्शक देते हैं। अगर वे मुझे इन किरदारों में स्वीकार नहीं करते, अगर मिशन कश्मीर के बाद ऑडियंस कहती कि अरे, ये कहां से संजय दत्त की पत्नी और ऋतिक की मम्मी लगती है, तो मैं आगे यह हिम्मत नहीं कर पाती, पर ऐसा नहीं हुआ। मुझे मिशन कश्मीर के लिए इतने सारे नॉमिनेशन मिले, तब के राष्ट्रपति जी तक से तारीफ मिली, मतलब लोगों ने मुझे अलग-अलग रोल में कुबूल किया।

**मेरे पति को मैं बिना मेकअप सुंदर लगती हूं**

वो आगे कहती हैं, हां, यह सही है कि बहुत से लोगों को लगता है कि कम उम्र में ऐसे रोल नहीं करना चाहिए, ऐक्ट्रेस को पर्दे पर यंग ही दिखना चाहिए, मगर मुझमें हमेशा ही खुद को लेकर आत्मविश्वास रहा है। मैंने कभी यह नहीं माना कि मैं दुनिया की सबसे सुंदर लड़की हूं। हां, मेरे आई-बाबा (माता-पिता) के लिए मैं बहुत अच्छी लड़की हूं। मेरे पति को मैं बिना मेकअप भी सुंदर लगती हूं और इतना मेरे लिए काफी है। मेरा मानना है कि आपको काम आपकी सुंदरता के लिए नहीं, आपके ऐक्टिंग टैलंट के लिए मिलता है तो उस टैलंट को उभारने के लिए मैंने हमेशा चैलेंज लिए हैं। इसमें मुझे बहुत मजा आता है।

**रुक्मिणी जैसा नकारात्मक किरदार निभाना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण रहा? खुद एक बेटी की मां होने के नाते मासूम बच्चियों के प्रति क्रूर इस किरदार ने आप पर किसी तरह का असर डाला?**

अपने करियर में मैंने कभी ऐसा किरदार नहीं निभाया तो बतौर कलाकार मेरे लिए बहुत अलग अनुभव था। मैंने अब तक जो रोल किए हैं, उनमें एक अच्छाई रही है। वे अपने परिवार, देश का अच्छा चाहती थी, जबकि रुक्मिणी बिल्कुल अलग है। मैंने स्क्रीन पर ऐसा नेगेटिव रोल कभी नहीं किया था तो करियर के इस मोड़ पर ऐसा ग्रे किरदार करना बहुत बड़ा चैलेंज था। उसकी सोच की परतें ढूंढ़ना बहुत मुश्किल था। निश्चित तौर पर इस भूमिका का मुझ पर बहुत असर पड़ा।

**आपकी कोई अधूरी ख्वाहिशें हैं, जो आप पूरा करना चाहती हैं?**

बिल्कुल, मैं बहुत समय से किसी खिलाड़ी का रोल करना चाहती थी। वह मिला नहीं तो मैंने काफी सारे ट्रायथलॉन रेस में भागीदारी कर डाली। मैं अभी भी अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती हूं। साइकिलिंग करती हूं। रनिंग, स्विमिंग करती हूं। कुल मिलाकर मैं स्पोर्ट्स पर्सन हूं और आशा करती हूं कि मुझे कभी किसी खिलाड़ी का रोल निभाने को मिले। जब मैं छोटी थी तो पीटी उषा का नाम बहुत चर्चा में रहता था, क्योंकि उन्होंने हमारे लिए मेडल जीते थे, तो कभी वो रोल मिले तो बहुत मजा आएगा।

# फिल्म दो पत्ती किस के किरदार को ज्यादा पसंद करती हैं कृति सेनन



14 अक्तूबर को काजोल और कृति सेनन अभिनीत फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हुआ। इस दौरान फिल्म की पूरी स्टारकास्ट ट्रेलर लांच में मौजूद रही। फिल्म में कृति सेनन का डबल रोल है। दो पत्ती के ट्रेलर लांच के दौरान कृति और काजोल ने मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। कृति ने इस दौरान बताया कि वह फिल्म में अपने किस किरदार को ज्यादा पसंद करती हैं और किस किरदार के ज्यादा करीब हैं। आज दो पत्ती के ट्रेलर लांच के दौरान बातचीत में कृति सैनन ने बताया कि वो सौम्या या शैली किस किरदार को ज्यादा पसंद करती हैं। कृति ने कहा, बहुत सी बातें हैं जो सौम्या जैसी मेरे साथ हैं और बहुत सी बातें ऐसी भी हैं जो मैं सौम्या की तरह नहीं करती लेकिन मैं ज्यादा सौम्या की तरफ हूं। इस पर काजोल उन्हें रोकते हुए कहती हैं कि खाना बनाना आता है। इस पर कृति जवाब देती हैं, थोड़ा बहुत। कृति सेनन ने कहा कि सौम्या का किरदार ज्यादा बात करना पसंद नहीं करता है, जबकि कृति खुद बिना बोले नहीं रह सकती हैं।

दो पत्ती फिल्म को लेकर ऐसा सोचती हैं अभिनेत्रियां ओटीटी पर फिल्म रिलीज को लेकर कृति सेनन ने कहा कि फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी, इसको लेकर कलाकारों ने अपनी भावनाएं साझा कीं। काजोल ने कहा कि इस फिल्म को लेकर मैं नर्वस नहीं हूं। मुझे जितने अच्छे तरीके से अपना काम करना था मैंने किया, उसको लेकर मैं परेशान नहीं हूं, मुझे डर नहीं लग रहा है। हम बस फिल्म के लिए आपका प्यार चाहते हैं। कृति सेनन ने इस सवाल पर कहा कि फिल्म को लेकर वह थोड़ी नर्वस हैं। वे चाहती हैं कि फिल्म को मिमी की तरह ही प्रशंसकों का प्यार दो पत्ती को भी मिले।

### 25 अक्तूबर को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म दो पत्ती 25 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। 'दो पत्ती' कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन शशांक चतुर्वेदी ने किया है। कृति सेनन ने फिल्म में डबल रोल अदा किया है। वे दो जुड़वा बहनों की भूमिका में हैं। वहीं, काजोल ने फिल्म में पुलिस अफसर की भूमिका निभाई है।




# सामंथा रूथ प्रभु ने की आलिया के अभिनय की प्रशंसा

आलिया भट्ट अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जिगरा की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं । भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती यह एक्शन ड्रामा फिल्म आलिया के प्रशंसकों को पसंद आ रही है। आलिया के प्रशंसकों के अलावा यह फिल्म साउथ अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु को भी काफी पसंद आई। सामंथा ने फिल्म में आलिया के अभिनय की तारीफ करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। उन्होंने आलिया को टाइग्रेस कहा और फिल्म में उनके अभिनय की तारीफ की। साथ ही आलिया ने भी सामंथा की प्रशंसा पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद सैम। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सामंथा रूथ प्रभु ने जिगरा का एक पोस्टर किया था। पोस्टर के साथ, उन्होंने आलिया भट्ट की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और उन्हें टाइग्रेस कहा। उन्होंने निर्देशक वासन बाला और वेदांग रैना की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा, श्चआलियाभट्ट आप बाघिन हैं! एक ऐसा प्रदर्शन जो इतना जोशपूर्ण और जीवन से भरा हुआ है कि मैं अपनी आंखें आपसे हटा नहीं पाई! आपने बेहद साहसी काम किया है। आपने अपने लिए जो मापदंड तय किए हैं वह वाकई में प्रेरणा देते हैं।

# सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर कार्तिक ने तोड़ी चुप्पी

कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 दिवाली की छुट्टियों के मौके पर 1 नवंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर 2022 की हॉरर कॉमेडी की इस अगली कड़ी की भिड़ंत रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन से होगी। हाल ही में एक इवेंट में कार्तिक ने फिल्मों के टकराव और उससे बिजनेस पर पड़ने वाले असर के बारे में खुलकर बात की। साथ ही अपने बयान से हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। सिंघम अगेन के साथ बॉक्स ऑफिस क्लैश पर बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने कहा, दिवाली इतनी महत्वपूर्ण छुट्टी है कि मेरा मानना है कि दो फिल्में आसानी से सिनेमाघरों में एक साथ रह सकती हैं। जहां सिंघम अगेन एक्शन जॉनर के अंतर्गत आती है, हमारी फिल्म एक हॉरर-कॉमेडी है। एक फिल्म दर्शक के रूप में, मैं इसे सभी के लिए एक त्योहार के रूप में देखता हूं, जिसमें एक ही दिन में दो विकल्प होते हैं, जो इन दिनों हमारी इंडस्ट्री में दुर्लभ है।




# दिगांगना ने बाल कलाकार के रूप में की थी करियर की शुरुआत

दिगांगना एक भारतीय अभिनेत्री, गायिका और लेखिका हैं। दिगांगना हिंदी और तेलुगु फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं। दिगांगना ने अपने करियर की शुरुआत हिंदी टेलीविजन से की थी। दिगांगना ने टीवी सीरियल एक वीर की अरदास...वीरा में वीरा की भूमिका के लिए जानी जाती हैं।

दिगांगना 2015 में रियलिटी शो बिग बॉस 9 में भी नजर आ चुकी हैं। दिगांगना ने हिंदी फिल्म की शुरुआत फ्राइडे, तेलुगु फिल्म की शुरुआत हिप्पी और तमिल फिल्म की शुरुआत धनुसु रासी नेयारगले से की थी।






# इन फिल्मों धमाल मचाते नजर आएंगे ऋतिक रोशन, एक्शन, रोमांस और थ्रिलर होगा भरपूर


**बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन कम ही फिल्में कर रहे हैं, लेकिन वह जो भी फिल्म करते हैं, उसकी रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि ऋतिक की फिल्मों में भरपूर मात्रा में एक्शन, रोमांस, थ्रिलर और सस्पेंस होता है।**

ऋतिक की फिल्म वॉर 2 की शूटिंग लगातार जारी है। इस फिल्म में ऋतिक के साथ पैन इंडिया स्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इसके अलावा इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग से कई वीडियोज और क्लिप सोशल मीडिया पर आए दिन वायरल होते रहते हैं। इस फिल्म की रिलीज का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। वॉर 2 एक आगामी बॉलीवुड एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा हैं। यह फिल्म यश राज स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऋतिक रोशन फिल्म कृष की चौथी फ्रेंचाइजी कृष 4 में भी धमाल कर सकते हैं। इस फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन पहले की बाकी फ्रेंचाइजी को देखते हुए यही लग रहा है कि अगर कृष 4 आती है तो इसमें भी ऋतिक सुपर पॉवर के साथ कमाल दिखाएंगे। कृष 4 कृष सीरिज का चौथा भाग होगा, जिसका निर्देशन राकेश रोशन करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सत्ते पे सत्ता फिल्म का रीमेक आ सकता है। अगर ऐसा होता है कि तो इस फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। बहरहाल, फिल्म को लेकर अभीतक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# श्रद्धा कपूर से मिली तारीफ से गदगद हुईं निमरत

निमरत कौर हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्हें द लंचबॉक्स और एयरलिफ्ट जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर चर्चा में हैं। फिल्मों के अलावा निमरत सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। उन्होंने बीते दिनों दिलजीत दोसांझ का एक गाना गुनगुनाते हुए अपनी वीडियो साझा की थी इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा करते हुए श्रद्धा कपूर ने उनकी तारीफ करते हुए कहा था, ये टैलेंट छिपा के क्यों रखा था। श्रद्धा की तारीफ पर खुशी जताते हुए निमरत ने लिखा, श्रद्धा ने तारीफ की मतलब अच्छा ही होगा, धन्यवाद।





# नहीं.. अब ऐसे भी बन सकते हैं सरकारी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर

**असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए सिर्फ आप पीएचडी करके ही नहीं, बल्कि आप अन्य तरीकों से भी ये पद पा सकते हैं। आइए हम इसके बारे में आपको विस्तार से बताते हैं।**

हर साल कई छात्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर बनने की चाहत के साथ पीएचडी डिग्री या यूजीसी नेट परीक्षा में शामिल होते हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए पहले पीएचडी करना जरूरी होता था। हालांकि, अब ऐसा नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (त्रष्ट) की आधिकारिक सूचना के अनुसार, सरकारी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर बनने के लिए अब जरूरी नहीं कि वे पीएचडी करे ही। अभ्यर्थी अब अन्य परीक्षा देकर भी प्रोफेसर का पद हासिल कर सकते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि पीएचडी की मान्यता खत्म हो गई है। आपको बता दें कि अभ्यर्थियों के पास दो में एक योग्यता होना जरूरी है।

## पीएचडी के अलावा ऐसे बन सकते हैं असिस्टेंट प्रोफेसर

कॉलेज या विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए आवेदन करने के लिए GC NET न्यूनतम मानदंड है। नेट के अलावा, SET और SLET परीक्षा भी उन उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड है, जो असिस्टेंट प्रोफेसर बनना चाहते हैं। पीएचडी भी मान्य है, लेकिन ये जरूरी नहीं है कि कैंडिडेट के पास पीएचडी की डिग्री होना अनिवार्य है। आपको बता दें, यूजीसी नेट, सेट या स्लेट उत्तीर्ण सभी उम्मीदवार असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी के लिए पात्र हैं।

**क्या है NET, SET और SLET**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से हर साल यूजीसी नेट (नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में 75 फीसदी से पास होने वालों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप यानी JRF मिलता है। वहीं, पास होने वाले कैंडिडेट्स को हृश्वञ्ज सर्टिफिकेट मिलता है। नेट पास होने के बाद PhD में दाखिला ले सकते हैं या आप चाहें तो असिस्टेंट प्रोफेसर भी बन सकते हैं। बात SET की बात करें तो यह स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट है, जो राज्य स्तर पर कराई जाती है, वहीं SLET का पूरा नाम स्टेट लेवल एलिजिबिलिटी टेस्ट है, जो कि असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के न्यूनतम पात्रता मानदंड में से एक माना जाता है।



# इंटर्नशिप से आपको मिल सकते हैं बेहतरीन जॉब ऑफर, इस तरह से उठाएं इंटर्नशिप का फायदा

**पेशे की बारीकियां समझने के साथ अच्छे जॉब ऑफर के लिए इंटर्नशिप काफी फायदेमंद साबित हो सकती हैं। इंटर्नशिप के दौरान वर्क कल्चर समझने में भी आसानी होती है।**

आप किसी पेशे में अच्छा कर सकती हैं या नहीं, यह जानने का सबसे अच्छा जरिया है इंटर्नशिप। इंटर्नशिप के छोटे से टाइम पीरियड में आपको उस पेशे से जुड़े काम, वर्क कल्चर और भविष्य की संभावनाओं का अंदाजा लग जाता है। इस दौरान वर्कप्लेस पर मिलने वाले इनपुट्स को आप अपनी प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए बखूबी इस्तेमाल कर सकती हैं। आइए जानें इंटर्नशिप से जुड़े कुछ अहम पहलुओं के बारे में- आजकल जॉब से पहले इंटर्नशिप नौकरी का प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा हो गया है। इससे इम्प्लॉयर्स को फ्रेशर्स की क्षमता का अंदाजा लग जाता है और वे उसके प्रोफेशनल बिहेवियर के बारे में भी अच्छी तरह से समझ लेते हैं, वहीं इम्प्लॉई भी अपने लिए अच्छी संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## इंटर्नशिप से मिलते हैं ये फायदे

- पेशे से जुड़ी स्किल्स सीखने का अच्छा मौका मिलता है।
- इंटर्नशिप से कॉन्फिडेंस बढ़ता है, जिसका फायदा जॉब इंटरव्यू में मिल सकता है।
- इंटर्नशिप में वास्तविक माहौल में काम करने से नॉलेज बढ़ती है।
- इंटर्नशिप के दौरान पेशे की बारीकियों से गुजरते हुए आप अपने इंट्रस्ट के बारे में बेहतर तरीके से समझ पाती हैं और उसके अनुसार संभावनाएं तलाश सकती हैं।
- इंटर्नशिप करते हुए अच्छी नेटवर्किंग डेवलप करने से आप सीनियर्स के रेकमेंडेशन पर कई जगह बेहतरीन जॉब ऑफर पा सकती हैं।
- किताबी पढ़ाई से कहीं ज्यादा दिलचस्प है एक्चुअल वर्किंग।
- इंटर्नशिप का एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट आपके रेज्यूमे को मजबूत बनाता है। वहीं इंटर्नशिप में स्टाइपेन्ड मिलने से आपके लिए थोड़ी सहूलियत भी बढ़ जाती है।

## इंटर्नशिप का समय है बेहद कीमती

इंटर्नशिप के समय का आप भरपूर फायदा उठा सकें, इसके लिए आपको पहले से ही अच्छी प्लानिंग करने की जरूत है। इस दौरान आप अपने क्वालिटी काम के जरिए अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब हो सकती हैं। आइए जानें कि आप इसके लिए सही स्ट्रेटेजी किस तरह से तैयार कर सकते हैं-



- जिस पेशे में जाने की सोच रहे हैं, उसके बारे में अच्छी रिसर्च करें। जिस कंपनी में इंटर्नशिप करना चाहते हैं, उसके वर्क कल्चर के बारे में भी जानें। इससे कंपनी में होने वाली गतिविधियों को आप बेहतर परिप्रेक्ष्य में समझ पाएंगी और कंपनी के बारे में जानने से आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।
- अपने काम की सराहना से जुड़े कागजात या ई-मेल अलग सेफ तरीके से रखें और इनका जॉब इंटरव्यू में इस्तेमाल करें। इससे इम्प्लॉयर्स पर आपके काम का अच्छा प्रभाव पड़ता है।
- इंटर्नशिप के दौरान एक काम खत्म कर लेने के बाद दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए उत्साह दिखाएं और सीनियर्स को बताएं कि आप किस तरह से उपयोगी साबित हो सकते हैं। इटर्न का ताजातरीन और अलग नजरिया अकसर कंपनी के लिए फायदेमंद साबित होता है।
- ऑफिस इंप्लॉईज के साथ लंच, कंपनी के किसी भी तरह के प्रोग्राम में जरूर हिस्सा लें। इससे आप उनके साथ अच्छी नेटवर्किंग डेवलप कर सकती हैं।
- टाइम पर ऑफिस पहुंचें और ड्रेस कोड का भी ध्यान रखें। इससे यह जाहिर होगा कि आप कितनी ज्यादा अनुशासित हैं।

इंटर्नशिप में दिए जाने वाले छोटे-छोटे काम भी इंपॉर्टेंट होते हैं, इसलिए उन्हें पॉजिटिविटी के साथ करें।



# आपको बिना एग्जाम दिए भी मिल सकती है सरकारी नौकरी

**आमतौर पर हर कोई चाहता है कि उसकी सरकारी नौकरी लग जाए। ऐसे में हम आज आपके लिए लेकर आए हैं कुछ ऐसी नौकरी की जानकारी जिनके लिए आपको एग्जाम नहीं देना पड़ेगा।**

अक्सर लोग सोचते हैं कि काश बिना एग्जाम क्लियर किए ही सरकारी नौकरी लग जाए। बता दें कि ऐसा सच में हो सकता है। अब आप सवाल करेंगे कि वो कैसे? दरअसल बहुत सारी सरकारी नौकरियां ऐसी भी हैं जिनके लिए एग्जाम नहीं देना पड़ता है।

## 300 सरकारी नौकरीयों के लिए नहीं देना पड़ता है पेपर

आमतौर पर हम लोग यही सोचते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए एग्जाम देना पड़ता है, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। भारत में लगभग 300 सरकारी नौकरी ऐसी हैं जिनके लिए आपको किसी भी तरह का एग्जाम नहीं देना पड़ेगा।

## मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स में करें जॉब

मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स द्वारा समय-समय पर सरकारी जॉब निकाली जाती हैं जिनके लिए आपको एग्जाम देने की जरूरत नहीं है। कंटेंट राइटर, एडीटर और रिसर्चर जैसे कई पदों के लिए मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स बिना एग्जाम के आवेदन मंगवाती है। इसके पढ़ाई और एक्सपीरियंस का अलग कराइटेरीया होता है। सभी उम्मीदवारों की योगया को ध्यान में रखकर ही सिलेक्शन होता है।

## आईआरसीटीसी


आईआरसीटीसी में आप बिना पेपर दिए इंटर्नशिप पा सकते हैं। इसके साथ-साथ आईआरसीटीसी अलग-अलग पदों पर उम्मीदवारों का चुनाव करने के लिए वॉक इन भी निकालता है जिसका आवेदन कर आपको इंटरव्यू देना होगा जिसके बाद आपकी नौकरी लग जाएगी।

## एनआईईपीआईडी

नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द एंपावरमेंट ऑफ पर्सन विद इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी विभाग द्वारा भी हॉस्पिटैलिटी मॉनिटर की भर्ती निकाली जाती है जिसे लिए आपको 35 हजार सैलरी के साथ और भी कई बेनिफिट मिलते हैं।

## इंटर्नशिप भी है अच्छा विकल्प

सरकारी नौकरी के लगभग हर विभाग द्वारा इंटर्नशिप भी निकाली जाती हैं। इन इंटर्नशिप में आवेदन करने का एक निश्चित समय होता है। इंटर्नशिप करने पर मिलने वाला स्टाइपेंड काफी अच्छा होता है।



# पहली बार में ही क्वालीफाई करना चाहते हैं यूजीसी नेट, तो इन टिप्स को फॉलो करें

**अगर यूजीसी नेट का पैटर्न मालूम हो और कुछ टिप्स का ध्यान रखा जाए, तो आसानी से एग्जाम क्लीयर किया जा सकता है।**

सरकारी नौकरी की चाहत किसे नहीं होती....हर कोई अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद यही चाहता है कि बस उसे कैसे भी करके सरकारी नौकरी मिल जाए। लोग सालों साल इनकी तैयारियों में लगे रहते हैं। सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों के दिन बदल जाते हैं, जिंदगियां बदल जाती हैं। यही वजह है कि देश की आबादी के लगभग 80 से 85 प्रतिशत लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे रहते हैं। अगर आप यूपी और बिहार से हैं, तब तो सरकारी नौकरी का महत्व आपसे बेहतर कोई नहीं समझता होगा। यहां के लोग सपना ही सरकारी नौकरी पाने का देखते हैं। इसलिए लोग एक राज्य से दूसरे राज्य जाकर एग्जाम की तैयारियां करते हैं। हालांकि, यह सिलसिला काफी पुराना है, भारत में सरकारी नौकरी एक अच्छी और सुकून भरी लाइफ की डेफिनेशन है। अगर आप किसी एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, खासतौर से यूजीसी नेट की तो इस लेख में बताए गए टिप्स मददगार साबित हो सकते हैं।

## यूजीसी नेट की तैयारी कैसे करें?

एग्जाम क्लीयर करने के लिए जरूरी है यूजीसी नेट के पैटर्न को समझना। बता दें कि नेट के परीक्षा में को प्रश्न पेपर होते हैं, जिसमें पहला पेपर बेसिक जीके का होता है। वहीं, दूसरा पेपर छात्रों के विषय के चुनाव पर आधारित होता है। यह वही विषय होता है जिसमें एग्जाम क्लीयर किया जाता है। मगर इसमें उन सब्जेक्ट को सेलेक्ट किया जा सकता है, जिसमें आपने बैचलर की डिग्री ली होगी।

## पुराने प्रश्न को हल करें

अगर आपको पैटर्न मालूम है, तो बेस्ट रहेगा कि पुराने प्रश्न को हल किया जाए। इससे दो फायदे होंगे...पहला हमें पता चलेगा कि एग्जाम में किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं। दूसरा

एग्जाम टाइम के अनुसार पूरा करने के लिए हमें किस-किस चीजों पर ध्यान देना है। इससे न सिर्फ नॉलेज बढ़ेगी बल्कि स्पीड भी बढ़ेगी। एग्जाम तैयारी के लिए ध्यान रखें कि लास्ट ईयर के प्रश्न पत्रों को सॉल्व करें, ताकि उन्हें उन सब्जेक्ट्स के बारे में आइडिया मिल सके।

## सब्जेक्ट्स की लिस्ट बनाएं

पहली बार में एग्जाम को क्वालीफाई करना मुश्किल काम नहीं है। बस आपको थोड़ा फोकस करने की जरूरत है। तैयारी करने के लिए आपको बस रेफरेंस बुक्स, मॉक टेस्ट और प्रैक्टिस पेपर्स पर फोकस करना है। साथ ही, एग्जाम को क्लीयर करने के लिए अहम सब्जेक्ट्स की लिस्ट बनाएं और फिर तैयारी करें। टाइम टेबल बनाएं और रोजाना टाइम के हिसाब से प्रैक्टिस करें। इससे परीक्षा की तैयारी स्पीड के साथ करने में मदद मिलेगी।

## शॉर्ट नोट्स तैयार करें

तैयारी के दौरान हमेशा महत्त्वपूर्ण टॉपिक्स या फॉर्मूला यानि कि सूत्र के शॉर्ट नोट्स जरूर तैयार करें। खुद बनाए गए नोट्स रिविजन के दौरान मदद करेंगे क्योंकि इसकी वजह से आपको पूरे पाठ को दोबारा पढ़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप अपने शॉर्ट नोट्स की मदद से बहुत जल्द सभी पाठों का रिविजन कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



### सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली गिफ्ट, साय सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने कर्मचारियों को बड़ा दिवाली गिफ्ट दिया है। साय सरकार ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ाने का ऐलान किया है। इस तरह अब छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के बारे में जानकारी देते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि आज कैबिनेट मीटिंग है। हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि राज्य कर्मचारी जो अभी 46 प्रतिशत डीए पा रहे हैं, उसे 4 प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा। इस तरह अब राज्य कर्मचारियों का डीए बढ़कर 50 प्रतिशत पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि अब राज्य कर्मचारी 50 प्रतिशत का डीए पाएंगे। विष्णु देव साय ने बताया कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों के लिए अक्टूबर महीने से लागू होगा।

### हरियाणा की कंपनी ने दीपावली गिफ्ट में बांटी लग्जरी कारें, कर्मचारियों में खुशी की लहर




**चंडीगढ़, एजेंसी।** दीपावली पर हरियाणा के पंचकूला में एक फार्मा कंपनी ने अपने कर्मचारियों को लग्जरी कारें बांटी हैं। इससे कर्मचारियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कंपनी के मालिक ने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 15 कर्मचारियों को दीपावली गिफ्ट के दौर पर टाटा पंच और ग्रैंड विटारा जैसी कारें तोहफे में दी गई। पिछले साल भी अच्छा काम करने वाले 12 कर्मचारियों को दीपावली पर कारें बांटी गईं थी। पंचकूला स्थित मिट्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड दवा कंपनी के मालिक एमके भाटिया ने कहा कि उन्होंने 15 कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के तौर पर कारें दी हैं। भाटिया ने कहा कि उन्होंने ने साल भर कड़ी मेहनत करने वाले 15 कर्मचारियों को चुना था। इसके बाद उन्हें गाड़ियां दी गई। 15 कर्मचारियों में से 13 को टाटा पंच कारें और दो सीनियर कर्मचारियों को ग्रैंड विटारा गाड़ियां गिफ्ट की हैं। भाटिया ने कहा कि वह अपने कर्मचारियों को अपना सुपरस्टार कहते हैं। मिट्स हेल्थकेयर की सफलता के लिए कर्मचारियों का समर्पण और योगदान महत्वपूर्ण रहा है। आज आठ कर्मचारियों को कारें दी गई हैं। दिवाली से पहले बाकी बचे सात कर्मियों को भी कार उपहार में दी जाएंगी। भाटिया ने कहा कि मेरा दिल्ली में एक छोटा-सा कार्यालय था। मैं 2015 में चंडीगढ़ आया और एक छोटा-सा ऑफिस खरीदा। अपने कर्मचारियों की मेहनत के बल पर ही आज मैं और मेरी कंपनी इस मुकाम पर पहुंची है।

### पराली जलाने वालों के खिलाफ क्यों नहीं करते कार्रवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर दिए गए पिछले आदेश का पालन नहीं करने को लेकर हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। देश की सर्वोच्च अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राज्य सरकार पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने और मामूली जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ देने से क्यों कतरा रही है। इसरो आपको बता रहा है कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला।

# उद्धव ठाकरे से अजित पवार- महाराष्ट्र चुनाव कई दिग्गजों के लिए अस्तित्व की लड़ाई

**मुंबई, एजेंसी।**
चुनाव आयोग के आगामी विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल बज चुका है। अब सारी निगाहें पार्टी की रणनीतियों और राज्य के दिग्गजों पर आ टिकी हैं। जानकारों की माने तो चुनाव के नतीजे कई प्रमुख दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य के लिए फैसले की घड़ी होगी। इनमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस जैसे नेताओं के नाम भी शामिल हैं। 2019 में बनी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) को विपक्षी एकता के लिए एक टेम्पलेट के रूप में देखा गया था। हालांकि भाजपा ने इन पार्टियों के अंदर विद्रोहियों का समर्थन करके इसका मुकाबला किया, जिसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई। इसके बाद अजित पवार और उद्धव ठाकरे दोनों गुटों को आधिकारिक पार्टी का दर्जा खोना पड़ा। तब से दोनों नेता नए नामों और प्रतीकों के तहत अपनी पार्टियों को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

हाल के लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने 9 सीटें और अजित पवार ने 8 सीटें जीती थी। इस प्रदर्शन से उनके जमीनी समर्थन का पता चला। हालांकि विधानसभा चुनाव बड़ी परीक्षा है। एक राजनीतिक अंदरूनी सूत्र ने कहा, यदि एमवीए सत्ता में आती है तो पवार और ठाकरे दोनों महाराष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करना जारी रखेंगे और अपनी पार्टियों को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके उलट अगर महायुति सत्ता में लौटती है तो उनके प्रतिद्वंदी जीते हुए



उम्मीदवारों को लुभाकर विरोधी गुटों को खत्म करने की कोशिश करेगी। शरद पवार पश्चिमी महाराष्ट्र में विशेष रूप से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बड़ी हलचल पैदा की है और सत्तारूढ़ भाजपा और एनसीपी के कई नेताओं को अपने पक्ष में कर लिया है। इधर उद्धव ठाकरे मुंबई में कई रणनीतिक बैठकें कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिन्होंने 7 लोकसभा सीटें जीती हैं, समाज के विभिन्न वर्गों को लुभाने के लिए सोची-समझी चालें चल रहे हैं। अपने चाचा शरद पवार के गढ़ में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अजित पवार ने एक राजनीतिक सलाहकार को नियुक्त किया है और महिला मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अभियान शुरू किया है।

इस बीच देवेंद्र फडणवीस के लिए यह चुनाव राज्य या राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका निर्धारित कर सकता है। नाम न बताने की शर्त पर एक भाजपा मंत्री ने कहा, अगर भाजपा सत्ता में लौटती है तो फडणवीस मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की उम्मीद कर सकते हैं। अगर नहीं तो वह दिल्ली की राजनीति में जा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषक प्रताप असबे समय से पहले निष्कर्ष निकालने के खिलाफ हैं। उनका मानना है, एमवीए ने अभी तक महायुति सरकार के खिलाफ एक अच्छी कहानी नहीं बनाई है। यह चुनाव सभी बड़े नेताओ के लिए अस्तित्व की लड़ाई है।

## गाजियाबाद में नौकरानी अपने पेशाब से बनाती थी कारोबारी के घर पर खाना

**गाजियाबाद , एजेंसी।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद से सामने आई इस खबर को पढ़कर आप हैरान हो जाएंगे। एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर काम करने वाली नौकरानी परिवार को अपने पेशाब से खाना बनाकर खिलाती रही। जब इस पूरे परिवार को लीवर की बीमारी हुई तो उन्हें कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसके बाद सीसीटीवी में नौकरानी की शर्मनाक हरकत कैद हो गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी नौकरानी गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नौकरानी कई सालों से ऐसा कर रही थी।

क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की एक सोसाइटी में रियल एस्टेट कारोबारी परिवार के साथ रहते हैं। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कारोबारी की पत्नी ने बताया कि उनके घर में शांतिनगर निवासी रीना बतौर नौकरानी करीब 8 साल से काम करती थी। घर में चौका-बर्तन के अलावा परिवार का खाना भी वही बनाती थी। कारोबारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से परिवार के लोग लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगे।

शुरू में तो उन्होंने कोई संक्रमण समझकर डॉक्टर को भी दिखाया, लेकिन स्थायी तौर पर राहत नहीं मिली। एक-एक के कर पूरा परिवार लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगा तो उन्हें शक हुआ और रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। इसमें पूरे मामले का पता चल गया। रियल एस्टेट कारोबारी का कहना है कि उनका परिवार नौकरानी रीना पर आंख मूंदकर भरोसा करता था। वह उसे परिवार के सदस्य के रूप में मानते थे। हर सुख-दुख में वह उसके साथ खड़े रहते थे। पहले कई बार घर से नकदी और सामान भी चोरी हुआ, लेकिन उन्होंने उस पर कभी शक नहीं किया। सोमवार को उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में रीना की करतूत देखी तो 8 साल का भरोसा पल भर में चकनाचूर हो गया। कारोबारी का कहना है उसकी इस हरकत से उनका पूरा परिवार सदमे में है।

## गुरुग्राम में एक ही दिन कई जगह गरजा बुलडोजर, कहीं भी चल सकने की चेतावनी




**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने पुराने गुरुग्राम के दो मुख्य चौराहों पर मंगलवार को बुलडोजर चलाया। महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक के आसपास करीब 200 दुकानों के बाहर 20 से 30 फीट तक अतिक्रमण था, जिसे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया। अभियान के दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया।

अतिक्रमण हटाने के बाद हुई गंदगी को डीटीपीई ने दुकानदारों से झाड़ू लगवाकर साफ करवाया। इसके अलावा 15 रेहड़ियों को तोड़ा गया। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यह अभियान जारी रहेगा। यदि दोबारा अतिक्रमण मिलता है तो एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। ओल्ड गुरुग्राम से आ रही दो मुख्य सड़क ओल्ड रेलवे रोड और न्यू रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक से जुड़ी हुई हैं। शहर के अंदर जाने या बाहर निकलने के दौरान इन दोनों चौराहों के आसपास भारी अतिक्रमण में वाहन चालकों को फंसना पड़ता है। ए.श्रीनिवास के आदेश पर डीटीपीई आरएस बाठ ने इन दोनों चौराहों को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमणमुक्त करवा दिया। डीटीपीई आरएस बाठ ने बताया कि शहर की सभी सड़कों को अतिक्रमणमुक्त किया जाएगा। कभी भी किसी भी सड़क पर बुलडोजर चल सकता है। अतिक्रमणकारी स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें। नहीं हटाने पर उनके सामान का नुकसान होगा। गुरुग्राम में नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है। मंगलवार को बस स्टैंड क्षेत्र में जीएमडीए व एमसीजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया। मंगलवार को डीटीपी आरएस बाठ के नेतृत्व में जीएमडीए व निगम टीमें जेसीबी व पुलिस बल लेकर बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंची। यहां पर सड़कों के किनारे व फुटपाथ क्षेत्र में अवैध रूप से रेहड़ी-पटरी, टीनशेडनुमा स्ट्रक्चरों सहित अन्य प्रकार के अवैध ढांचों के माध्यम से किए गए अतिक्रमण पर पीले पंजे से हटाया।

## इंस्टाग्राम पर कॉल उठाते ही चलने लगा अश्लील वीडियो


**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में शख्स को साइबर क्राइम का शिकार बनाया गया है। महिला ने उसे अश्लील वीडियो कॉल किया फिर एक लाख रुपए से ज्यादा की रकम ऐंठ ली। घटना 30 सितंबर की है। शख्स को इंस्टाग्राम पर एक कॉल आया़। शख्स ने कॉल उठाया तो उस पर अश्लील वीडियो चलने लगा। वीडियो करीब 10-15 सेकेंड तक चला। इसके बाद ब्लेकमेलिंग का खेल शुरू हो गया। पीड़ित को पता ही नहीं आरोपियों ने कॉल की रिकॉर्डिंग कर ली और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगे।

गुरुग्राम के रहने वाले हरीश माधवानी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर को उन्हें इंस्टाग्राम पर एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने एक अश्लील वीडियो दिखाया और कॉल रिकॉर्ड कर ली जो 10-15 सेकंड तक चली। माधवानी ने कहा, उसकी कॉल रिकॉर्ड करने के तुरंत बाद वे पैसों की डिमांड करने लगे।

## महाराष्ट्र में जातियों को साधने में जुटी भाजपा, कई दिग्गज नेताओं को उतारा

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा के लिए यहां सत्ता बचाने की चुनौती है। इसके लिए भगवा पार्टी हर मोर्चे पर काम कर रही है। हाल के दिनों में चुनावी राज्य में कई विकास के काम का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही भाजपा महाराष्ट्र में जातियों को साधने की कोशिश भी कर रही है। ओबीसी के साथ-साथ दलितों को अपने पाले में करने के लिए अपने तमाम नेताओं को झोंक रखा है।

महाराष्ट्र के बीड जिले में दशहरा रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने कहा, पिछड़ों ने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं और मैं गोपीनाथ मुंडे की बेटी हूं। उन्होंने पिछड़ों से अपनी ताकत दिखाने का आह्वान भी किया। ठीक उसी समय पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू महाराष्ट्र में बौद्ध दलित समुदाय के नेताओं के साथ



बैठकें कर रहे थे। ये बैठकें महाराष्ट्र में पिछड़ों और दलितों के बीच अपनी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए भाजपा की चाल को दर्शाती हैं।

पंकजा मुंडे ने बीड में एक दशक से अधिक समय के बाद अपने चचेरे भाई धनंजय मुंडे के साथ मंच साझा किया है। पंकजा को मराठवाड़ा में भाजपा के ओबीसी चेहरे के रूप में देखा जाता है। पार्टी ने रिजिजू को बौद्ध दलितों, खासकर विदर्भ क्षेत्र में पैठ बनाने के लिए तैनात किया है। महाराष्ट्र में कुल एससी मतदाताओं में दलित बौद्धों की संख्या 50प्रतिशत से अधिक है। यह वर्ग आमतौर पर कांग्रेस या प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाड़ी के साथ रहा है। अब तक रिजिजू ने सौ से ज्यादा बैठकें की हैं और महाराष्ट्र में समुदाय के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की है।

## चिंटल सोसाइटी की सीबीआरआई रिपोर्ट पर आरडब्ल्यूए ने उठाए सवाल

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) की रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए हैं। आरडब्ल्यूए ने यहां तक आरोप लगाए हैं कि चिंटल इंडिया लिमिटेड इस सोसाइटी के सभी रिहायशी टावर को तोड़ना चाहती है, जिसके चलते इस तरह की रिपोर्ट तैयार करवाई जा रही है।

आरोप लगाया कि ए टावर की रिपोर्ट जिला प्रशासन और आरडब्ल्यूए को सौंपे बिना बिल्डर ने इस टावर को असुरक्षित बता दिया। इस मामले में चिंटल इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेएन यादव से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के प्रधान राकेश हुड्डा ने कहा कि मौजूदा




स्थिति को देखते हुए उन्हें लग रहा है कि यह रिपोर्ट सोची समझी साजिश के तहत तैयार हो रही है। आईआईटी, दिल्ली ने अपनी जांच रिपोर्ट में नौ में से छह टावर को असुरक्षित घोषित किया था। ए, बी और सी टावर को रहने लायक बताया था। चिंटल इंडिया लिमिटेड ने इन छह टावर के निर्माण की प्रक्रिया को शुरू करने की बजाय सीबीआरआई को ए, बी और सी टावर की जांच का जिम्मा सौंप दिया। अब सीबीआरआई ने ए और सी टावर को असुरक्षित घोषित कर दिया। हालांकि, अभी बिल्डर ने आरडब्ल्यूए से ए टावर की रिपोर्ट साझा नहीं की है। हुड्डा ने कहा कि सी टावर की रिपोर्ट को लेकर सीबीआरआई को यह बताना चाहिए था कि यह टावर सुरक्षा के लिहाज से रहने लायक है या नहीं, लेकिन उसने यह बताया कि इस टावर की मरम्मत में खर्चा बहुत अधिक आएगा, जिसके चलते इसे तोड़ना बेहतर होगा। आरडब्ल्यूए ने जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप की मांग की है। 10 फरवरी, 2022 को चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के डी टावर में छह फ्लैट के ड्राइंग रूम की छत गिर गई थी।

## चेन्नई में भारी बारिश जारी, कई इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु में चेन्नई और आसपास के जिलों में लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भरने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश से पूर्वोत्तर मानसून के आगमन का संकेत मिल रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश से अन्ना नगर पश्चिम, कोलाथुर, पम्मल, पेरम्बूर और राज्य की राजधानी के अन्य हिस्सों में आवासीय क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया है। वहीं चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों के कई हिस्सों में ट्रैफिक जाम की जानकारी सामने आई है। मौसम विभाग ने उत्तरी भागों और डेल्टा क्षेत्र के 12 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार तक रानीपेट और वेल्लोर समेत अन्य उत्तरी जिलों में भी बारिश हो होने की संभावना है। चेन्नई और उसके पड़ोसी जिलों में गुरुवार को भी भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## नहीं गिरेगी मंडी मस्जिद, कोर्ट ने लगाई रोक

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। मस्जिद गिराए जाने को लेकर नगर निगम की कोर्ट के गत 13 सितंबर को सुनाए गए फैसले पर शिमला में टीसीपी के प्रधान सचिव की कोर्ट ने रोक लगा दी है। आगामी आदेशों तक मस्जिद के अवैध निर्माण को नहीं गिराया जाएगा। आइए जानते हैं कोर्ट ने क्या कहा है।

इस मामले में टीसीपी के प्रधान सचिव की कोर्ट में अगली सुनवाई 20 अक्तूबर को निर्धारित की गई है। मंडी के नगर निगम के पास इन आदेशों की कॉपी भी पहुंच चुकी है। नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जो फैसला उन्होंने सुनाया था उसपर रोक लगा दी गई है और उच्चाधिकारियों के आगामी आदेशों तक अब इसपर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। आने वाले समय में जो आदेश प्राप्त होंगे उसी के तहत कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, टीसीपी कोर्ट के फैसले पर हिंदू संगठनों की भी प्रतिक्रिया भी सामने आई है। देवभूमि संघर्ष समिति की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य घनश्याम ठाकुर ने टीसीपी की कोर्ट से हिंदू संगठनों को भी अपना पक्ष रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सभी दस्तावेज हैं और हमें भी अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए। इस बारे में बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि हिंदू संगठन 20 अक्तूबर को होने वाली सुनवाई का इंतजार करेंगे। यदि फैसला हक में नहीं आया तो वे कोर्ट जाने की तैयारी कर चुके हैं। अवैध निर्माण को गिराने के लिए चाहे संघर्ष का रास्ता ही क्यों न लेना पड़े, उससे पीछे नहीं हटेंगे। इन्होंने मुस्लिम समाज को अपना वो वादा भी याद दिलाया है जिसमें उन्होंने अवैध निर्माण को स्वयं गिराने की बात कही थी। इनका कहना है कि अवैध निर्माण को हर हाल में गिराया जाना चाहिए।


## कमलनाथ के फिर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार

**भोपाल , एजेंसी।**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बीते कुछ समय से राजनीतिक तौर पर कम सक्रिय हैं मगर अब उनके फिर से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। यह अनुमान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से उनकी दिल्ली में हुई मुलाकात के आधार पर लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय राजनीति से मध्य प्रदेश की ओर रुख किया था। उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था और उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्ता हासिल की थी। कांग्रेस सत्ता में महज 15 माह रही, आपसी खींचतान के चलते सत्ता हाथ से खिसक गई और भाजपा की फिर सत्ता में वापसी हो गई। उसके बाद से कमलनाथ का दायरा लगातार सिमटता गया



और वर्तमान में उनकी ज्यादा सक्रियता छिंदवाड़ा तक सीमित है। कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं, वहीं उनके करीबी अमरवाड़ा से विधायक रहे कमलेश शाह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। अभी हाल ही में हुए हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव में पार्टी ने कमलनाथ का राजनीतिक तौर पर कोई उपयोग नहीं किया। आगामी समय में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के अलावा उप चुनाव भी होने वाले हैं। मध्य प्रदेश के दो विधानसभा क्षेत्र बुधनी और विजयपुर में उपचुनाव होना है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे न केवल मुलाकात की बल्कि दो घंटे तक दोनों साथ भी रहे। इस मुलाकात को राजनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।कमलनाथ का छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र की सीमा से लगा हुआ है और वहां के कई इलाकों में कमलनाथ का प्रभाव है और सियासी तौर पर दखलअंदाजी भी है। इतना ही नहीं महाराष्ट्र के औद्योगिक घरानों से भी कमलनाथ की नजदीकियां है। कांग्रेस महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ के प्रभाव का उपयोग करना चाहती है और इसलिए राहुल गांधी ने उनसे लंबी चर्चा की है।

# नीरज चोपड़ा, मनु भाकर होंगे महिला आयोग के ब्रॉड एंबेसडर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी।

युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए हरियाणा महिला आयोग एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है।

इसको लेकर खेलों के क्षेत्र में दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने वाले नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, नवदीप श्योराण, प्रणव सूरमा समेत 20 ओलंपियन को आयोग ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाने की तैयारी कर रहा है। महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी, लेकिन प्रदेश के 20 ओलंपियन को महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाना तय है।

महिला आयोग की तरफ से 20 अक्तूबर को पानीपत में एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। आयोग की तरफ से इन सभी 20 ओलंपियन को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों से संपर्क किया जा रहा है।

### जिलों में कार्यक्रम आयोजित कराएगा आयोग

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि आयोग की तरफ से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसके तहत आयोग की तरफ से अलग-अलग जिलों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कराए जाएंगे। जिस जिले में जागरूकता कार्यक्रम होगा, उस जिले के 20 से 25 स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में आने वाले ब्रॉन्ड एंबेसडर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ये महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर भी युवाओं को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि महिला आयोग का स्लोगन है कि गलत नशे

### से दूर रहो, खेल का नशा करो।

महिला आयोग युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान पर काम करेगा। इसी के तहत प्रदेश के 20 ओलंपियन को राज्य महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेडसर बनाया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 20 अक्तूबर को पानीपत में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी अधिकारिक घोषणा भी कर दी जाएगी।



आशालता के नाम दर्ज होगा रिकॉर्ड

# 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनेंगी

**काठमांडू, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यहां जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी।

कप्तान आशालता देवी पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को यहां सैफ चैंपियनशिप के शुरुआती मैच के लिए मैदान पर उतरेंगी तो 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन जाएंगी। मणिपुर की 31 साल कि इस खिलाड़ी ने मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व टूर्नामेंट में भारत के लिए पदार्पण किया। तब से इस स्टार डिफेंडर ने एक लंबा सफर तय किया है।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी। आशालता को 2008 में भारत की अंडर-17 टीम के लिए बुलाया गया था जब वह 15 साल की थीं।

इम्फाल में जन्मी इस खिलाड़ी ने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया। वह शुरुआत में भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम में थी और 2015 में मालदीव के न्यू रेडियंट महिला फुटबॉल क्लब में शामिल हुईं। उन्होंने इसके बाद भारत में इंडियन वुमेन लीग में राइजिंग स्टूडेंट क्लब (कटक), केआरवाईपीएचएसए (इम्फाल), सेतु (मदुरै) और गोकुलम केरल का प्रतिनिधित्व किया। वह फिलहाल ईस्ट बंगाल के साथ हैं।

आशालता ने यहां पहुंचने के बाद कहा, मैं उत्साहित और खुश हूं कि मैं पाकिस्तान के खिलाफ अपना 100वां मैच खेलूंगी। हमारा ध्यान हालांकि सभी मैचों को जीतकर ट्रॉफी को घर वापस ले जाने पर होगा। नेपाल आने का यही मुख्य सपना और मकसद है। उन्होंने कहा, मैं चैंपियनशिप के सभी मैचों का इंतजार कर रही हूं क्योंकि यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें पिछले सैफ में पहले ही झटका लग चुका है, लेकिन इस बार यह अलग होगा। भारत 2022 सत्र में खिताब का बचाव करने में विफल रहा था।

## सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी बनी NCL चैम्पियंस शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए यादगार



**डलास, एजेंसी।** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिये इसे यादगार पल बना दिया। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता। दुनिया भर में एनसीएल को ढाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की, हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।



## टी-10 लीग खेलते दिखेगा चंद महीनों पहले रिटायर हुआ भारतीय क्रिकेटर, राशिद खान-जोस बटलर भी होंगे हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान, इंग्लैंड के व्हाइट बॉल कैप्टन जोस बटलर और इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक उन हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 2024 अबू धाबी टी10 में खेलते दिखेंगे। बांग्ला टाइगर्स ने राशिद और कार्तिक को चुना, जबकि डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने मार्कस स्टोइनिस के साथ बटलर को भी अपने साथ जोड़ा। रिपोर्ट के अनुसार बटलर को निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और महेश तीक्ष्णा के साथ खेलते देखा जाएगा, जिन्हें ग्लेडिएटर्स ने रिटेन किया था। इस बीच, तीक्ष्णा के श्रीलंकाई टीम के साथी मतिशा को पथिराना न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने अपने साथ जोड़ लिया है। स्ट्राइकर्स, पिछली बार की विजेता है। उसने अपने कोर खिलाड़ियों कीरोन पोलार्ड, सुनील नरेन, अकील हुसैन, मोहम्मद आमिर को रिटेन किया है।

### कार्तिक ने तीसरा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट साइन किया

यूएई के मुहम्मद वसीम और मुहम्मद जवादुल्लाह की जोड़ी को भी टी10 फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। दोनों आईएलटी20 में शारजाह वारियर्स के लिए भी खेल चुके हैं। अबू धाबी टी10, कार्तिक द्वारा साइन किया गया तीसरा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है। इससे पहले उन्होंने लीजेंड्स लीग 2024 और एसए20 2025 में हिस्सा लिया था। इससे पहले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। 39 वर्षीय कार्तिक को आईपीएल 2025 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बैटिंग कोच और मेंटर भी नियुक्त किया गया था।

### कार्तिक के साथ खेलते दिखेंगे शाकिब

हाल ही में अपने टी20 क्रिकेट को अलविदा कहने वाले शाकिब अल हसन अबू धाबी टी10 में टाइगर्स में कार्तिक और आयरलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल साथ खेलते दिखेंगे। नॉर्दर्न वॉरियर्स में फिन एलन के साथ ट्रेंट बोल्ट फिर से खेलते दिखेंगे, जबकि लॉकी फर्ग्यूसन टीम अबू धाबी में शामिल हुए, जिसने जॉनी बेयरस्टो और शिमरॉन हेटमायर को भी साइन किया। इस सीजन में अबू धाबी टी10 का विस्तार दस टीमों की लीग में होगा, जिसमें बोल्ट अजमान और यूपी नवाब नई टीमें हैं।

# एक ओवर में 6 चौके 7 बल्लेबाजों ने जमाए, फिर श्रीलंका के पथुम निसंका का ऐसा करना सबसे अलग क्यों?

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टी-टी-20 मुकाबला 15 अक्टूबर को दांबुला में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को हराकर पहले टी-20 में मिली हार का हिसाब बराबर कर लिया. श्रीलंका ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 73 रन से हराया, जिसके साथ ही 3 टी-20 की सीरीज अब रोमांचक मोड़ पर आ चुकी है. दूसरे टी-20 में श्रीलंका तो जीत गई. लेकिन उसके बल्लेबाज पथुम निसंका ने जो हाल वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमर जोसेफ का किया, उसकी चर्चा सारी ओर है. निसंका ने जोसेफ के एक ओवर में 6 चौके लगाए. सवाल ये है कि अब तक 7 बल्लेबाज ऐसा कर चुके हैं, फिर निसंका का किया ये कारनामा सबसे अलग कैसे हुआ?



### पथुम निसंका ने एक ओवर में लगाए 6 चौके

पथुम निसंका ने दूसरे टी-20 में शमार जोसेफ के खिलाफ एक ही ओवर में 6 चौके, श्रीलंकाई पारी के चौथे ओवर में जमाया. इस ओवर में लगातार 6 चौके जड़ते हुए पथुम निसंका ने शमर जोसेफ के खिलाफ 25 रन बनाए. इसमें एक रन वाइड का भी शामिल है. शमर जोसेफ की तीसरी गेंद वाइड रही थी. कैरेबियाई गेंदबाज के खिलाफ श्रीलंकाई बल्लेबाज के टूटे कहर का ये वीडियो अब सुर्खियों में है.

### 6 चौके जड़ना सबसे अलग क्यों?

अब सवाल है कि एक ओवर में 6 चौके पहले भी लगे हैं, फिर पथुम निसंका पिछले सारे बल्लेबाजों से अलग कैसे हुए? क्यों उनका एक ओवर में 6 चौके लगाना सबसे अलग हुआ? इस सवाल का जवाब है टी20 इंटरनेशनल मैच. बेशक, पथुम निसंका एक ओवर में 6 चौके लगाने वाले दुनिया के 7वें और तिलकरत्ने दिलशान के बाद श्रीलंका के दूसरे बल्लेबाज हैं. लेकिन, टी20 इंटरनेशनल में ऐसा करने वाले वो पहले बल्लेबाज हैं. बस यही वजह है उनके बाकियों से अलग होने की. निसंका से पहले इन्होंने लगाए एक ओवर में 6 चौके

पथुम निसंका से पहले जिन 6 बल्लेबाजों ने एक ओवर में 6 चौके लगाए, उनमें संदीप पाटिल (टेस्ट), क्रिस गेल (टेस्ट), अजिंक्य रहाणे , तिलकरत्ने दिलशान (वनडे), रामनरेश सरवन (टेस्ट) और पृथ्वी शॉ शामिल हैं.

### श्रीलंका की जीत के हीरो बने निसंका

जहां तक वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में पथुम निसंका के ओवरऑल प्रदर्शन की बात है तो उन्होंने ओपनिंग करते हुए 49 गेंदों पर 54 रन बनाए, जो कि उनके टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है. इस पारी के दौरान निसंका ने कुसल मेंडिस के साथ टी-20 में 1000 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप पूरी की और ऐसा करने वाली श्रीलंका की पहली जोड़ी बने.

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद लियोनेल मेसी का बयान

## बताया संन्यास को लेकर क्या है प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतरराष्ट्रीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक-दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं।

मंगलवार को मेसी ने रोनाल्डो का सबसे ज्यादा हैट्रिक का रिकॉर्ड तोड़ा। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही। वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था।

37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी की पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के किए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी। यह मेसी के करियर की 10वीं अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है।

दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने मैच को लेकर कहा, 'यहां आकर, लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है, जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। यह मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं, वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आता हूं, तो मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं। रिटायरमेंट को लेकर मेसी ने कहा, 'मैंने अपने करियर की कोई डेडलाइन नही सोची है। जब तक मैं अच्छा महसूस करता हूं और अपनी इच्छानुसार प्रदर्शन कर सकता हूं, मैं इसका आनंद लेता रहूंगा'।

भारत-न्यूजीलैंड टेस्टः

# बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द हुआ पहले दिन का खेल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल बुधवार को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस दौरान टॉस भी नहीं हो सका। बेंगलुरु में बारिश की शुरुआत सुबह सात बजे से हुई और पूरे दिन लगभग चलती रही।



अंतिम सत्र दोपहर 2:45 से 4:45 बजे तक होगा। शाम को ओवर पूरा ना होने पर खेल को आधे घंटे के लिए बढ़ाया जा सकता है। पहले दिन के खेल को जब 2.30 बजे रद्द घोषित किया गया, तो बारिश और तेज हो गई। हालांकि दूसरे दिन फिर से बारिश का ही पूर्वानुमान है। यूं तो चिन्नास्वामी स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम बहुत अच्छा है और एक मिनट में लगभग 10 हजार लीटर पानी को ड्रेन कर सकता है। लेकिन एक और बाधा यह भी है कि खराब मौसम के कारण ब्रॉडकास्टर हॉकआई को भी फॉर्मेट करके नए मैच के लिए तैयार नहीं कर सके हैं। इसमें लगभग एक घंटा लग सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों टेस्ट मैचों में जीत से भारत की अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी।

एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी

# 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा पहला मुकाबला

**मेलबर्न, एजेंसी।** एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को शेड्यूल का ऐलान किया। इसके अनुसार 142 साल पुरानी इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 से 25 नवंबर के बीच पर्थ में खेला जाएगा। 1982-83 के बाद पहली बार इस सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिसबेन की बजाय पर्थ में हो रहा है। इस बार इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है। पिछले सीजन में सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। तब ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड का दौरा किया था। दुनिया की सबसे पुरानी सीरीज द एशेज की शुरुआत 1882 में हुई थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 1877 से टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। दुनिया का पहला टेस्ट मैच भी इन्हीं देशों के बीच खेला गया था। यह मुकाबला 15 से 19 मार्च 1877 को मेलबर्न में



खेला गया। बाद में इसी सीरीज का नाम एशेज पड़ा। कंगारुओं ने 34 सीरीज जीतीं, इंग्लैंड ने 32 ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुई एशेज में ऑस्ट्रेलिया का पल?ा भारी है। अब तक दोनों देशों के बीच 73 सीरीज खेली गई हैं। इसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 34 सीरीज जीतीं। वहीं, इंग्लैंड ने 32 सीरीज अपने नाम की हैं। बाकी की बची 7 सीरीज ड्रॉ रहीं।

डॉन ब्रैडमैन आज भी एशेज के टॉप स्कोरर एशेज सीरीज के टॉप 5 बैटर में से 3 ऑस्ट्रेलिया के हैं। इन बल्लेबाजों में सबसे पहला नाम डॉन ब्रैडमैन का आता है। ब्रैडमैन ने साल 1928 से साल 1948 के बीच 37 मैच में 5048 रन स्कोर किए। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर के टॉप बैटर जैक हॉब्स हैं। साल 1908 से 1930 के बीच हॉब्स ने 41 मैच में 3636 रन बनाए। एक्टिव प्लेयर्स में स्टीव स्मिथ टॉप पर हैं, उन्होंने 37 मैच में 3417 रन बनाए हैं। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट हैं। रूट ने 34मैच में 2428 रन स्कोर किए।

शेन वॉर्न ने लिए हैं सबसे ज्यादा विकेट एशेज के टॉप 5 गेंदबाजों में भी ऑस्ट्रेलिया के 4 शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के लीजेंडरी स्पिनर शेन वॉर्न टॉप पर हैं। उन्होंने साल 1993 से 2007 के बीच 36 मैच में 195 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड की ओर से टॉप विकेट टेकर स्टुअर्ड ब्रॉड हैं।

# इंडिया गठबंधन में 51 सिटिंग सीटों पर बनेगी बात, बाकी पर होगा मंथन



**रांची, एजेंसी।** झारखंड मे चुनावी बिगुल बज चुका है. चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी है. सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में लग गये हैं. सीट बंटवारे को लेकर भी मंथन चल रहा है. इंडिया गठबंधन की बात करें तो इसके पास 51 सिटिंग सीटें हैं. जो सीट जिनके पास हैं, उन्हें ही मिलेंगी. इसमें माले की सिटिंग सीट बगोदर, प्रदीप यादव की सिटिंग सीट पौड़ैयाहाट और भाजपा विधायक रहे जेपी पटेल की मांडू सीटें भी शामिल हैं. शेष बची सीटें, जिनमें पिछले चुनाव में गठबंधन दल जहां दूसरे स्थान पर रहे थे, उस पर ही निर्णय होना शेष है. इसमें भी कुछ सीटों की अदला-बदली संभव है. मिली जानकारी के अनुसार, 18 अक्टूर को रांची में प्रदेश कांग्रेस इलेक्शन समिति की बैठक होगी. इस बैठक की रिपोर्ट और सीट शेयरिंग का खाका लेकर प्रदेश नेतृत्व दिल्ली जायेगा, जिस पर अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

### माले को दो से तीन सीट देने की तैयारी

मिली जानकारी के अनुसार, झामुमो और कांग्रेस अपने-अपने कोटे से माले को दो और अधिक से अधिक तीन सीटें दे सकते हैं. इनमें बगोदर और निरसा सीट शामिल हैं. माले की मांग राजधनवार और सिंदरी की भी है. मगर इसमें बहुत अधिक जिच होने पर एक सीट राजधनवार मिल सकती है.

### इतनी सीटों पर, कोई कोई जिच नहीं

साल 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो 43 सीट पर चुनाव लड़ी, जिसमें पार्टी को 30 सीट पर जीत हासिल हुई. वहीं कांग्रेस 31 सीट पर चुनाव लड़ी, जिसमें 16 सीटों पर जीत मिली. यानी कि इन तीनों दलों को मिलकार 47 सीट पहले से इनके खाते में रही. बाद में झाविमो के दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गये, जिससे कांग्रेस की सीट बढ़कर 18 पहुंच गयी. मगर फिर रामगढ़ सीट में ममता देवी के जेल चले जाने के बाद रामगढ़ सीट गंवानी पड़ी. इसके बदले में मांडू सीट से जेपी पटेल के रूप में एक विधायक आये. लेकिन दलबदल के आरोप में उनकी भी सदस्यता चली गयी. अगर राजद की बात करें तो राजद सात सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें मात्र एक सीट पर उसे सफलता हासिल हुई. अगर 2019 के हिसाब से देखा जाये, तो विनोद सिंह और मांडू के जेपी पटेल की सीट जोड़ ली जाये, तो इंडिया गठबंधन की सिटिंग की संख्या 51 तक पहुंच चुकी है. मतलब साफ है कि 50 से 51 सीट गठबंधन दलों को मिलना तय है. जिस पर कोइ जिच नहीं है।

### शेष बची सीटों पर खींचतान, राजद को होगी मुश्किल

शेष बची 30 सीटों पर इंडिया गठबंधन के बीच खींचतान होने की पूरी संभावना है. सबसे बड़ी मुश्किल तो राजद को लेकर होगी. राजद पिछली बार सात सीट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पर जीत मिली. चार सीटों पर बहुत कम अंतर से पार्टी चुनाव हारी थी. इसलिए दूसरे स्थान पर रही सीटों को राजद छोड़ेगा, इसकी संभावना बहुत कम है. अब अंतिम निर्णय तो कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व, हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव ही करेंगे.

### भवनाथपुर पर झामुमो की नजर और कांग्रेस की रांची और सिल्ली पर

जहां तक सीटों की अदला-बदली की बात है. तो कई सीटों पर एक दूसरे की नजर है. पिछली बार भवनाथपुर सीट कांग्रेस लड़ी थी, मगर यह सीट इस बार झामुमो कांग्रेस से मांग रही है. अनंत प्रताप देव झामुमो में शामिल हो चुके हैं. इसलिए झामुमो इनके लिए यह सीट मांग रही है. चंदनक्यारी सीट से यह तय हो चुका है कि यह आजसू के खाते में नहीं जा रही है. भाजपा अपने सिटिंग विधायक अमर बाऊरी को ड्रॉप करने से मना कर दिया है. इसलिए झामुमो इस सीट पर नजर गड़ाये हुए है. संभव हो पूर्व विधायक उमाकांत रजक झामुमो में शामिल हो जाये. वहीं रांची और सिल्ली सीट कांग्रेस झामुमो से मांग रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष की गाड़ी गया में दुर्घटनाग्रस्त, घायल, चालक की मौत

**पलामू, एजेंसी।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बह्मदेव प्रसाद उर्फ बी.डी. प्रसाद की गाड़ी बिहार के गया में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. इस हादसे में कार चालक की मौत हो गयी. जबकि बह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों को तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया है. मृतक ड्राइवर की पहचान विजय शर्मा के रूप में हुई है. बह्मदेव प्रसाद के परिजन और समर्थक सरकार से इस हादसे की गहन जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

**बाराचट्टी थाना के पास ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर :** घटना के संबंध बताया जाता है कि ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा अपनी इनोवा कार से रांची से गया जा रहे थे. गया के बाराचट्टी थाना के पास उनकी कार को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये. इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर विजय शर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये. इस हादसे की खबर पूरे क्षेत्र के लोग चिंतित हैं. स्थानीय लोग और उनके समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं. बता दें कि ब्रह्मदेव प्रसाद ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हैं. वहीं कहा जा रहा है कि वो विश्रामपुर विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं.

### बाघमारा में इलाज के दौरान महिला की मौत, विरोध में सड़क जाम



**धनबाद, एजेंसी।** बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा में एक झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक महिला की मौत हो गयी. गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने मंगलवार को शव सड़क पर रखकर हरिणा-गोमो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. बताया जाता है कि महुदा के भक्तुडीह निवासी 36 वर्षीय रेखा देवी को पाइल्स की शिकायत थी. वह डॉ एनके मंडल से इलाज करवा रही थी. डॉक्टर ने ऑपरेशन की बात कही थी. मंगलवार को इलाज के क्रम में रेखा देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गयी. इसके बाद डॉ एनके मंडल ने बेहतर इलाज के लिए तत्काल दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी और वहां से निकल गए. परिजन महिला को बेहोशी की हालत में दूसरे अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी. इससे नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए शव के साथ सड़क जाम कर दी. वे तत्काल डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे. पुलिस के आश्वासन के बाद करीब तीन घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा.

### विस चुनाव की घोषणा से पूर्व भूली में 5 योजनाओं का शिलान्यास



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में मंगलवार को विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले भूली सी ब्लॉक स्थित अटल स्मृति पार्क में धनबाद विधायक राज सिन्हा के मद से पांच योजनाओं का शिलान्यास किया गया. विधायक के निर्देश पर योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ किया गया. समारोह में लोगों को मिठाई भी खिलाई गई. जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें दो शेड का निर्माण व तीन पीसीसी पथों का निर्माण शामिल है. इनमें बी ब्लॉक बुधनी हटिया से खटाल तक 400 फीट पीसीसी सड़क शामिल है. मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह, कोषाध्यक्ष इंद्रकांत झा, ओमप्रकाश झा, मनमोहन सिंह, पप्पू शर्मा, ऋषभ राज कश्यप, प्रयाग राज रविदास, महेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, विष्णु सिंह, मानस रंजन पाल आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता अभय सिंह ने बन्ना गुप्ता पर लगाये कई गंभीर आरोप, कहा- मंत्री के इशारे पर मुझे फंसाने की कोशिश

**रांची, एजेंसी।** भाजपा नेता अभय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंत्री बन्ना गुप्ता पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। अभय सिंह ने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता के इशारे पर उन पर, उनके परिवार और अन्य लोगों पर केस दर्ज किया गया है। अभय सिंह के साथ संवाददाता सम्मेलन में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह, भाजपा नेता हलधर नारायण शाह, भाजपा के जिला मंत्री पप्पू सिंह, यादव समाज के अध्यक्ष जीतेंद्र यादव भी मौजूद थे।अभय सिंह ने कहा कि काशीडीह में धर्मेंद्र नामक युवक बदमाशी कर रहा था। गोलगप्पा वाले को मारकर लहूलुहान कर दिया था। साथ ही पिंटू दास नामक व्यक्ति को भी अस्तुरा मारकर घायल कर दिया था। यह सब मंत्री गुप्ता बन्ना गुप्ता के इशारे पर किया गया है। एक साजिश के तहत हमारी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री गुप्ता चुनाव के समय नजदीक आने पर घबराकर इस प्रकार की रणनीति अपना रहे हैं। उनके अनुसार, यह सब उनके और उनके परिवार के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है, ताकि उन्हें जेल भेजा जा सके और उनकी लोकप्रियता को खत्म किया जा सके।

अभय सिंह ने कहा, मंत्री बन्ना गुप्ता ने जानबूझकर मेरे परिवार के सदस्यों, जिसमें तीन भाई, तीन भतीजे और एक भांजा शामिल हैं, के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराये हैं। यह राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि धर्मेंद्र को इतनी गंभीर चोटें आई थीं, तो उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती न कराकर एक निजी अस्पताल में क्यों भेजा गया इसके साथ ही, उन्होंने पूछा कि घायल पिंटू दास और गोलगप्पे वाले को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती क्यों नहीं कराया गया।

अभय सिंह ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाये और यह सुनिश्चित किया जाए कि धर्मेंद्र को कितनी चोटें आई है। मैं जिला प्रशासन से अपील करता हूं कि धर्मेंद्र की मेडिकल जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाये। उन्होंने यह भी मांग की है कि घटना के सभी वीडियो फुटेज सार्वजनिक किये जायें। आरोप लगाया गया है कि मैंने और मेरे लोगों ने हथियार से धर्मेंद्र को मारा है। वीडियो फुटेज में मैं या मेरे लोग हथियार लेकर दिखें, तो मुझे तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये। भाजपा नेता ने दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि पूजा समिति की प्राथमिकता मेले में आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई असामाजिक तत्व माहौल को खराब करने की कोशिश करता है, तो उसे सख्त प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा।

अभय सिंह ने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो वायरल होता है और दूसरे को इंसानियत सिखाते हैं। आरोप लगाया कि मंत्री ने हाल ही में एक बिल्डर को हड़काकर विधायक कार्यालय खोला है। सोनारी बालीचेला स्कूल के पास की यह बिल्डिंग में बिजली नहीं आ रही थी। एक बिल्डर को उसने हड़काया। उसके भतीजे और बेटे ने सौदेबाजी की और पूरा निचला हिस्सा अपने नाम करा लिया है। इसका दस्तावेज भी नहीं बना है। मंत्री के भतीजा के इशारे पर सोनारी बिरसा बस्ती को पीछे ढकेल दिया गया, ताकि एक बिल्डर को लाभ पहुंचाया जा सके और उक्त बिल्डर के सोनारी के प्रोजेक्ट में साइलेंट पार्टनर बन्ना गुप्ता का भतीजा बन गया। बस्ती को पूरी बड़ी दीवार खड़ी कर पीछे खड़ा कर दिया गया। करीब तीन सौ घरों का रास्ता बंद कर दिया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि कांग्रेसी होश में आएं। इस प्रकार की अगर हरकत वरिष्ठ नेता अभय सिंह के साथ की गयी तो मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

## झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे वंदना दादेल

**रांची, एजेंसी।** रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 में मंगलवार को 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। मौके पर वंदना दादेल ने झारखंड पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि आज झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे हैं। झारखंड पुलिस बेहतरीन काम कर रही है, जिसे और बेहतर करना है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए अपराधियों का जेल में बंद रहना बेहद जरूरी है। बेहतर अनुसंधान से ही दोषियों को सजा दिलाई जा सकती है। इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आईटी, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि अब हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि एक बटन दबाते ही उसका पूरा प्रोफाइल सामने आ जाता है। बेहतर तकनीक के बल पर अब कांडों का खुलासा संभव है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट तनाव से भरे पल से निकलने का एक जरिया भी है। आने वाले दिनों में ऑल इंडिया पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमारे पुलिसकर्मी अच्छी तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान अनुसंधान की तरह-तरह के तरीके को भी प्रैक्टिकल रूप में दिखाया गया। इस दौरान सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि बेहतर तकनीक, सूझबूझ, अनुसंधान के तौर तरीकों पर पुलिस खुद अपनी कसौटी पर कितनी खरी उतर रही इसके लिए हर वर्ष झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी झारखंड पुलिस के जवान बेहतर तकनीक के बल पर अपराधियों को सजा दिलाने के गुर सीखेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाली टीमों को मिलाकर राज्य की टीम तैयार की जाएगी, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा।

## रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा, सच्चाई की जीत हुई

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि उन्होंने मां दुर्गा से सच्चाई की जीत की प्रार्थना की थी और आज उनकी जीत हुई है। विरोधियों को एक बार फिर वह परास्त करेंगी। उन्होंने कहा कि एक बड़ी साजिश के तहत उन्हें सजा दिलवाई गई थी और उनकी विधायकी चली गई थी। झारखंड हाई कोर्ट के फैसले के बाद रामगढ़ में राजनीति की फिजा बदल गई है। पूर्व विधायक ममता देवी के अब चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। ममता देवी को कोर्ट से मिली राहत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल दिख रहा है।



## धनबाद जिले में निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रशासन तैयार: डीसी

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है. मंगलवार को चुनाव की घोषणा के डीसी समाहरणालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया से बात कर रही थीं. निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया धनबाद जिले में चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है. 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 1 नवंबर है. धनबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा. इनमें धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा, झरिया, टुंडी व बाघमारा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. डीसी ने शहरी एवं युवा वोटरों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की.



जिले में 1318 भवनों में कुल 2372 मतदान केंद्र बनाए गए हैं.

**जिले में कुल 2075869 मतदाता :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी व बाघमारा विधानसभा को मिलाकर जिले में कुल 20 75 869 मतदाता हैं. इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1072596, महिला मतदाताओं की संख्या 1003 221 व 52 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं. जिले 27944 दिव्यांग, जबकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के 5443 वोटर हैं. वहीं, 18-19 वर्ष के वोटरों की संख्या 76656 है. 18-19 वर्ष के वोटरों में मेल वोटर की संख्या 33347, फीमेल की संख्या 43308 तथा एक ट्रांसजेंडर मतदाता है. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है. चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा. प्रेसवार्ता में एसएसपी एचपी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, धनबाद एसडीओ राजेश कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड में 23 हाथियों का झुंड पार कर रहा था रेल लाइन, तभी आ गई ट्रेन; एक की मौत



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा में मालगाड़ी की चपेट में आकर आठ महीने के नन्हे हाथी की मौत हो गई। वहीं, एक नन्हा व वयस्क समेत दो हाथी घायल हो गए। सोमवार रात लगभग 9.44 बजे ए केबिन के पास अप लाइन पर घटना के बाद ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। रात्रि करीब एक बजे रेल कर्मियों द्वारा ट्रैक से शव को हटाए जाने के बाद करीब 2.15 बजे पांच घंटे बाद अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बहाल हुआ। इस दौरान समलेश्वरी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी रहीं।

इधर, मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने सहायक चालक को हिरासत में ले लिया। इससे चालक भड़क गये और बंडामुंडा क्रूलॉबी में प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि, वन विभाग ने पूछताछ के बाद सहायक चालक को रिहा कर दिया।

### 23 हाथियों का झुंड पार कर रहा था रेल लाइन

बताया जाता है कि सोमवार रात हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर बंडामुंडा ए केबिन के पास 23 हाथियों का झुंड रेल लाइन पार कर रहा था। तब एक मालगाड़ी दूसरी लाइन पर खड़ी थी। उसी दौरान अप मेन लाइन पर एन बॉक्स नामक मालगाड़ी आ गयी, जिसे देख हाथी इधर-उधर भागने लगे और आठ माह का नन्हा हाथी मालगाड़ी की चपेट में आ गया। मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। वहीं, एक नन्हा हाथी समेत दो हाथी घायल हो गये।

### पांच घंटों तक ठप रहा ट्रेनों का परिचालन

वन विभाग द्वारा सुरक्षित सागवान के जंगल निकाल इलाज के लिए भेजा गया। बंडामुंडा ए केबिन के पास किमी संख्या 404/8-10 के पास हुई घटना के बाद रेल परिचालन पांच घंटे तक ठप रहा, जिससे कई ट्रेनें जहां-तहां फंसी रहीं। उसी प्रकार 22905 ओखा हावड़ा एक्सप्रेस पानपोष, 18190 एर्नाकुलम टाटानगर एक्सप्रेस, 18114 बिलासपुर टाटानगर एक्सप्रेस, 12810 हावड़ा मुंबई मेल सहित कई ट्रेनें प्रभावित हुईं और सभी ट्रेनें एक दो घंटें देरी से रवाना हुईं।

### सहायक चालक को हिरासत में लेने के विरोध में प्रदर्शन

रेल लाइन पर नन्हे हाथी की मौत खबर मंगलवार सुबह मिलते ही डीएफओ यशवंत सेठी समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया। वहीं, ट्रेन के सहायक चालक कवि राज महतो को हिरासत में ले लिया। दुर्घटना के समय ट्रेन की स्पीड और घटना की जानकारी लेने के बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे रिहा कर दिया। एन बॉक्स नामक मालगाड़ी को टाटा क्रूलॉबी के चालक मनोज कुमार और सहायक चालक कवि राज महतो चला रहे थे। इधर, सहायक चालक कवि राज महतो को वन विभाग द्वारा हिरासत में लिये जाने की खबर बंडामुंडा क्रू लॉबी पहुंचते ही चालक भड़क गये। बंडामुंडा क्रू लॉबी में मौजूद ट्रेन चालक और सहायक चालकों ने क्रूलॉबी में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## अलका तिवारी होंगी झारखंड की नयी मुख्य सचिव !

**रांची, एजेंसी।** आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है. भारत सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है. इसके बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है. अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं. फिलहाल वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. वह झारखंड के कई जिलों में डीसी के पद पर भी काम कर चुकी हैं. बता दें कि वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांगते पदस्थापित हैं. एल ख्यांगते इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होंगे. झारखंड में अचार संहिता लागू हो गया है. इस कारण मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापन का फैसला चुनाव आयोग को ही लेना है।

